चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-74, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 14
'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 2

## बाबा तरसेम का हत्यारा मारा गया

संवाददाता, देहरादून



- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है।



## विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- अमेरिका-ब्रिटेन समेत कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर से आई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

### विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

## एक नजर

### फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

### कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है।

### चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू

**देहरादून।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता में गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा।

# 'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

### प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर

### मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान

### माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें।



जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

### पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही देता है सफाई

**रामपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।

### सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

### सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परपंरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

**शराब नीति मामला**

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका की खारिज

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है।

### बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

### आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने दी अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज

- कड़ी सुरक्षा में कासगंज जेल से मंगलवार शाम गाजीपुर रवाना
- पुलिस हिरासत में ही 13 अप्रैल को वापस कासगंज जेल लाया जाएगा

**अमृत विचार :** कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा।



अब्बास अंसारी की फाइल फोटो।

13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया।

मुख्तार अंसारी की कब्र पर बुधवार 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ा जाएगा, जिसमें बेटे अब्बास अंसारी को भी अब शामिल होना है। सुप्रीम कोर्ट से मिले आदेश के अनुपालन में कासगंज से गाजीपुर की दूरी को देखते हुए मंगलवार रात ही कासगंज जेल निकाल कर कड़ी सुरक्षा के साथ पुलिस वाहन से अब्बास को गाजीपुर लाया जा रहा है। कोर्ट ने 10 को फातिहा पढ़ने के अलावा 11 और 12 अप्रैल को अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

## रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से बिना शर्त माफी मांगी

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर उच्चतम न्यायालय में बिना शर्त माफी मांगी है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा।

## गर्भगृह में रखी गई सोने की रामायण

- रामनवमी से पहले रामलला को मिला एक और उपहार
- पूर्व आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने किया अर्पित

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है।

प्राण प्रतिष्ठा के समय सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने अपने जीवन भर की कमाई रामलला को समर्पित करने का संकल्प लिया था। पांच करोड़ की लागत से 151 किलो की रामचरित मानस को तैयार कराया गया है। जिसमें 10,902 पन्नों के महाकाव्य स्वर्ण जड़ित हैं। रामायण में लगभग 140 किलो तांबा और सात किलो सोना लगा है। सजावट के लिए अन्य धातु का प्रयोग किया गया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि स्वर्ण जड़ित ताम्रपत्र पर लिखी गई रामायण की पुस्तक है। जिसे तमिलनाडु के राम भक्त लक्ष्मी नारायण ने रामलला को समर्पित किया है।



**5** करोड़ रुपये की लागत से की गई तैयार

**7** किलोग्राम स्वर्ण, 140 किलो तांबा का प्रयोग

**151** किलोग्राम है पूरा वजन

**10,902** पेज का महाकाव्य

## बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

**तंत्र-मंत्र की आशंका**

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर से करीब 100 मीटर दूर प्लाट में कट्टे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

**अमृत विचार :** रविवार को लापता हुई तीन वर्षीय बच्ची का शव घर से करीब 100 मीटर दूर भूखंड में कट्टे (बोरे) में बंद मिला। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। परिजनों ने बच्ची की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर वहां बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक कट्टा पड़ा देखा। जिस पर मक्खियां भिनभिना रही थीं। महिलाओं ने यह बात गांव वालों को बताई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर व प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। उन्होंने कट्टे से शव को निकाला। शव की शिनाख्त लापता हुई दानिश की तीन वर्षीय बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथीन ढंकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी मौके पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। प्रेम-प्रसंग व तंत्र-मंत्र समेत सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।



**सर्वेक्षण** लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

## धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

**खास**

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।

### उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।





अरविंद त्रिपाठी



दुर्गेश श्रीवास्तव

### इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 05 | 191 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 05 | 186 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 04 | 09 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स) | 05 | 08 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +1.528 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.666 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.344 |
| पंजाब किंग्स | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.196 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

**जयपुर, एजेंसी**

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

## महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता लेकिन पंजाब ने लोगों का दिल

**पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया**

## नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया



अर्शदीप सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।



नितीश कुमार रेड्डी

### हैदराबाद 182/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह | 21 | 15 | 4/0 |
| अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन | 16 | 11 | 2/1 |
| ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप | 00 | 02 | 0/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप | 64 | 37 | 4/5 |
| राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल | 11 | 14 | 1/0 |
| हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल | 09 | 09 | 1/0 |
| अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप | 25 | 12 | 5/0 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 14 | 07 | 1/1 |
| पैट कमिंस बो रबाडा | 03 | 04 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन | 06 | 08 | 0/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 06 | 01 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0

### पंजाब 180/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर | 14 | 16 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस | 00 | 03 | 0/0 |
| प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर | 04 | 06 | 1/0 |
| सैम करेन का कमिंस बो नटराजन | 29 | 22 | 2/2 |
| सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट | 28 | 22 | 2/2 |
| शशांक सिंह नाबाद | 46 | 25 | 6/1 |
| जितेश का अभिषेक बो नितीश | 19 | 11 | 1/1 |
| आशुतोष शर्मा नाबाद | 33 | 15 | 3/2 |

**गेंदबाज :** भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस, 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शाहबाज अहमद 1-0-10-0

## खेल डायरी

### पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

### तीन टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड का दौरा करेगी इंग्लैंड टीम

**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को ऐलान किया कि उनकी टीम 28 नवंबर से तीन टेस्ट के दौरे पर न्यूजीलैंड जायेगी। श्रृंखला का पहला मैच क्राइस्ट चर्च में खेला जायेगा जबकि दूसरा मैच छह दिसंबर से वेलिंगटन और तीसरा 14 दिसंबर से हैमिल्टन में होगा। दोनों टीमों की टेस्ट श्रृंखला में टक्कर पिछले साल फरवरी मार्च में हुई थी और दो मैचों की श्रृंखला ड्रॉ रही थी। न्यूजीलैंड ने दूसरा टेस्ट एक रन से और इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 267 रन से जीता था। ये तीनों टेस्ट विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का हिस्सा होंगे।

### जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

**लंदन।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

### भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

**टोरंटो।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

### भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

**चांग्शा।** भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

**लाहौर, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

**पाकिस्तानी टीम**

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।



पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

# बॉलीवुड हलचल

## 'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर

**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।



**10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग**

## 11 अप्रैल को रिलीज होगी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां में' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



## अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने भी उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# ट्रक ने विंध्याचल जा रही बस को मारी टक्कर, तीन श्रद्धालुओं की हुई मौत

## टक्कर के बाद बस पलट गई थी, 15 लोग घायल हुए, गांव में मच गया कोहराम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


घटना की खबर मिलने के बाद गमगीन ग्रामीण। अमृत विचार


संध्या।


अनुराग।


कृष्ण कुमार।

● सभी दिवंगत और घायल उन्नाव के दही थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत मैता व सराय कटियांन गांव के 38 श्रद्धालुओं को लेकर विंध्याचल धाम दर्शन को गई बस की प्रतापगढ़ जिले में सामने से आए ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें बस सवार छात्र-छात्रा समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं बस सवार 15 यात्री गंभीर घायल हो गए। जिन्हें प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की खबर मिलने के बाद से दोनों गावों में कोहराम मच गया। मृतकों व घायलों के परिजन सूचना के बाद प्रतापगढ़ के लिए निकल गए। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिए हैं। वहीं ग्रामीणों के मुताबिक शवों के देररात तक गांव पहुंचने की उम्मीद है।

बता दें कि दही थानाक्षेत्र के गांव मैता से 38 श्रद्धालु मिनी बस से सोमवार शाम करीब छह बजे मिर्जापुर जिले के विंध्याचल धाम स्थित मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने को निकले थे। प्रतापगढ़ जिले के थाना हथिगवां क्षेत्र के लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर फूलमती गांव के पास सामने से आए ट्रक की टक्कर से बस पलट गई। इससे बस में बैठी सभी सवारियां घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से घायलों को कुंडा के अस्पताल लाई। इसमें अनुराग उर्फ वासू (20) पुत्र अवधेश, कृष्ण कुमार (45) व संध्या (12) पुत्री राम नरायन को जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना में मैता गांव निवासी प्रियांशु, विमलेश, सचिन, संदीप, मथुरा, हीरालाल, अनिल उनकी पत्नी व बेटा, महादेव, राकेश व सरांय कटियान गांव की पूजा, उसके पिता रामविलास, आनंद, सुरेंद्र व सुरेंद्र की पत्नी सहित अन्य लोगों को चोटें आई हैं। गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज भेजा गया। प्रतापगढ़ पुलिस से मिली सूचना पर दही एसओ अनुराग सिंह गांव पहुंचे। लेकिन तब तक परिजन निकल चुके थे। वहीं देररात तक शवों के आने की उम्मीद जताई जा रही है। हादसे का शिकार हुआ छात्र अनुराग उर्फ वासू कक्षा 12 का छात्र था। वह तीन भाईयों में दूसरे नंबर का था। पिता अवधेश खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। बेटे की मौत से मां सुशीला व अन्य परिजन बेहाल हैं। वहीं कृष्ण कुमार खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। उनके साथ दर्शन करने गई पत्नी कलावती भी घायल हुई है। लेकिन आंख के सामने पति की मौत देख वह सदमें हैं। उसके दो बेटे जगजीवन, साहिल व बेटी रीना, भोली व नैंसी रो-रोकर बेहाल रही।

# बांगरमऊ सीएचसी में हुआ 100वां ऑपरेशन

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

● चार साल बाद विवाहिता ने बेटे को जन्म दिया

**अमृत विचार।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. आफताब अहमद ने हसनगंज क्षेत्र के गांव मुंशी गंज निवासी आसिया बानो पत्नी साकिर हुसैन का ऑपरेशन से सफल प्रसव कराया। शादी के करीब चार साल बाद मंगलवार को विवाहिता ने बेटे को जन्म दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डा. आफताब अहमद ने बताया कि उनके द्वारा किया गया यह 100वां सफल सीजर ऑपरेशन है। इसके पूर्व किए गए सभी ऑपरेशन सफल रहे हैं। गर्भवती आसियाबानो ने बीते 9 माह लगातार उनका इलाज किया। मंगलवार को डा. अहमद व उनकी टीम द्वारा उसका सफल व सुरक्षित सीजर ऑपरेशन किया गया। प्रसव के बाद बेटा होने पर वह खुशी से झूम उठी। चिकित्साधीक्षक डा. मुकेश ने बताया कि उनके स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक सभी ऑपरेशन सफल रहे हैं और भविष्य में भी सुरक्षित आपरेशन होते रहेंगे। ऑपरेशन टीम में डा. अहमद का सहयोग एनेस्थेटिस्ट डा. शिवम, डा. सागर, स्टाफ नर्स संजू व ग्रेसी और सीता शामिल रहीं।


नवजात के साथ मौजूद चिकित्सक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



सहोदया सभा के दौरान जानकारी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### अंबिका की प्रधानाचार्या बनी सहोदया की अध्यक्ष

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों की संस्था के सदस्यों की सभा का आयोजन हुआ। जहां विद्यालयों की परीक्षा नीति, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्रियाकलापो पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सहोदया की अध्यक्ष को भी चुना गया। अंबिका स्कूल में आयोजित सभा के दौरान प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने मौजूद लोगों को संबोधित किया। इस दौरान सहोदया सभा के दौरान सिटी कोऑर्डिनेटर बलविन्दर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा विद्यालय की ओर से उन्हे स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सहोदया की सचिव मनीषा त्रिपाठी, अतुल शाह तथा नीति खन्ना, हुमा वसीम मौजूद रहे। इस दौरान अंबिका स्कूल की प्रधानाचार्या डेफनी लेम्यूर को सहोदया का अध्यक्ष चुना गया। जहां सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों की संस्था सहोदया की सभा में विद्यालयों की परीक्षा नीति, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्रियाकलापो एवं नयी शिक्षा नीति को लागू करने तथा उसे सुचारू रूप से चलाने के विषय में निर्णय लिये गये।

### दबंगों ने धारदार हथियार से किया हमला, काटा कान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्री नगर निवासी एक युवक के साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे, बीच बचाव करने आये भाई को मारा पीटा। आरोप है कि धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका एक कान कट गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। श्री नगर निवासी सत्यम शुक्ला ने बताया कि सोमवार रात लगभग साढ़े दस बजे पड़ोस में रहने वाले मित्र आयुष कश्यप के घर गया था। वह घर के अंदर था, तभी बाहर मारपीट की आवाजें आई तो वह बाहर निकला। जहां उसके भाई शिवम शुक्ला को तीन दर्जन लोग मारपीट रहे थे। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे भी मारा पीटा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका सिर फटने के साथ ही एक कान भी बुरी तरह से कट गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आग से 15 बीघे गेहूं की फसल खाक

संवाददाता पुरवा उन्नाव


धू-धूकर जलते खेत।


गेहूं के खेत से उठतीं आग की लपटें।

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर-नारायणपुर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इसमें एक दर्जन किसानों की करीब 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। सूचना पर पहुंची दमकल ने एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल ने आग से हुए नुकसान की रिपोर्ट एसडीएम को भेजी है।

मदारपुर-नारायणपुर गांव निवासी किसान रजनेश की गांव के बाहर छह बीघा भूमि पर गेहूं की फसल खड़ी थी। जहां मंगलवार सुबह करीब 11 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की सूचना पर मौके पर पहुंचे रजनेश ने ग्रामीणों की मदद से निजी संसाधन से आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन, आग लगातार बढ़ती देख फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान रजनेश के खेत के बगल में किसान धुन्नर की डेढ़ बीघा, सोनी देवी की एक बीघा, विद्यावती की एक बीघा, देशराज की एक बीघा, जितेंद्र की दो बीघा, कमला की डेढ़ बीघा, राजकुमार की 10 बिसुवा, नन्हकई की 10 बिसुवा, कमलेश रानी की 10 बिसुवा फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक रघुनंदन व लेखपाल प्रशांत पांडेय ने आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट एसडीएम को देने की बात कही है।

# 16 व 17 को होगा भोले मियां का उर्स

**गंजमुरादाबाद।** 16 व 17 अप्रैल को हजरत अफजालुर्रहमान भोले मियां का 23वां उर्स मुबारक अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। दरगाह फजले रहमा के पीरजादा हजरत रिजवानुर्रहमान अज्जू मियां ने बताया कि 16 को बाद नमाज इशा ऑल इंडिया नातिया मुशायरा होगा। देश के कई जाने-माने शायरों के साथ कई बड़े खतीब अपना खिताब करेंगे। वहीं, 17 को सुबह 7:30 बजे पहला कुल शरीफ हजरत वलीउर्रहमान उर्फ फजलू मियां का होगा। सुबह 9:30 बजे दूसरा कुल शरीफ हजरत अफजालुर्रहमान उर्फ भोले मियां का होगा। कुल शरीफ के बाद लंगर होगा। प्रोग्राम की सरपरस्ती साहबे सज्जादा हजरत मारुफुर्रहमान उर्फ मारूफ़ मियां करेंगे।

# सड़क हादसे में घायल तीसरे युवक की भी मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● तीन अप्रैल को सड़क हादसे में हुआ था गंभीर रूप से घायल

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत हुए सड़क हादसे में घायल हुए युवक की भी तीसरे दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। वहीं युवक की मौत से गर्भवती पत्नी समेत अन्य परिजनों में कोहराम मचा है।

नेत्रपाल (29) माखी थानाक्षेत्र के गंगादीन खेड़ा गांव का निवासी था। बीती तीन अप्रैल को वह हरिशंकर व गोलू के साथ परियर किसी काम से गया था। जहां से लौटते समय परियर के पास एक पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी थी। इसमें एक ही बाइक में सवार तीनों लोगों में हरिशंकर की मौके पर मौत हो गई थी। गोलू ने कानपुर में अगले दिन दम तोड़ दिया था। नेत्रपाल का एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह उसकी भी इलाज के दौरान सांसें थम गई। इसकी खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। वह बिजली मिस्त्री था और दो साल पहले उसकी शादी दीपा से हुई थी। पत्नी इस समय गर्भवती है और पति की मौत की सूचना से बदहवास है। गांव वाले भी नेत्रपाल की मौत की खबर सुन कर गमगीन हो गए।

### अलग-अलग क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे, सात लोग गंभीर रूप से घायल

**बांगरमऊ।** कोतवाली अंतर्गत नगर क्षेत्र के मोहल्ला गढ़ी निवासी हितेश पुत्र अजय गुप्ता मंगलवार को स्कूटी से गांव तकिया जा रहा था। रास्ते में लखनऊ मार्ग पर गांव सुरसेनी के पास अचानक तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें हितेश गंभीर घायल हो गया। टक्कर मारने वाला बाइक मौके पर छोड़कर भाग निकला। वहीं, इसी कोतवाली क्षेत्र के गांव गपुचियापुर निवासी धीरेंद्र व पड़ोसी गांव जाफराबाद निवासी दिलीप मंगलवार को बाइक से बांगरमऊ आ रहे थे। रास्ते में नसिरापुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव काजीपुर कच्छ निवासी कुलदीप व पड़ोसी गांव मुन्नी खेड़ा निवासी जितेंद्र बाइक से मल्लावां हरदोई जा रहे थे। रास्ते में नगर स्थित शेख़ औलिया पीर बाबा की मजार के पास अचानक सड़क पर आए बच्चे को बचाने में तेज रफ्तार बाइक पलट गई। इसमें बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने हितेश को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं गंगाघाट कोतवाली के दलनारायनपुर निवासी एक युवक शुक्लागंज से दवा लेकर घर जा रहा था, तभी आजाद नगर के सामने अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दंपति गिरकर घायल हो गये। जिसमें पति की हालत गंभीर बनी हुई है। दलनारायनपुर निवासी कमल अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को दवा लेने के लिये बाइक से शुक्लागंज आया हुआ था। दोपहर के समय वापस जाने के दौरान फोरलेन स्थित आजाद नगर के सामने अनियंत्रित कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछल कर सड़क पर जा गिरे और घायल हो गये। पुलिस ने गंभीर घायल कमल को इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है। जहां उसकी हालत गंभीर है।

# युवती को बंधक बनाया स्वास्थ्य कर्मी पर रिपोर्ट

संवाददाता औरास उन्नाव

● पीआरवी के सिपाहियों ने ग्रामीणों के सहयोग से ताला तोड़कर युवती को निकाला

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसकी बेटी बीती 5 अप्रैल को पीएचसी दिपवल दवा लेने गयी थी। जहां मौजूद डा. अनुराग सिंह ने ग्लूकोज़ लगाने की बात कह स्वास्थ्य कर्मी पवन सिंह के पास भेज दिया।

जहां आउट सोर्सिंग वार्ड ब्वाय पवन सिंह ने कमरे में ले जाकर उसे बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया। जिससे बेटी बेहोश हो गई और देरशाम तक घर नही पहुंची। बेटी के घर न पहुंचने पर पिता ने ग्राम प्रधान राम खेलावन को इसकी जानकारी दी। सूचना पर प्रधान व परिजन पीएचसी पहुंचे तो देखा कि कमरे में अंदर से ताला लगा था। प्रधान की सूचना पर पहुंची पीआरवी के सिपाहियों ने ग्रामीणों के सहयोग से ताला तोड़कर युवती को बाहर निकाला और परिजनों को सौंप दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पीएचसी के स्वास्थ्य कर्मी पवन सिंह के विरुद्ध मंगलवार को बंधक बनाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बेटों के साथ बैठी महिला से युवकों ने की मारपीट व छेड़छाड़, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, आरोपियों की हिरासत में होने की चर्चा

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पीडी नगर मोहल्ले में एक रेस्त्रां के बाहर बेटों के संग बैठी महिला से कुछ युवकों ने मारपीट व छेड़छाड़ की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को पकड़ लिया। इस पर उन्हीं युवकों में से किसी ने पुलिस द्वारा मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर छेड़छाड़ व मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। चर्चा है कि आरोपी युवक पुलिस हिरासत में हैं।

शहर के पीडी नगर मोहल्ले में एक रेस्टोरेंट के बाहर सोमवार रात एक महिला अपने बेटों के साथ बाहर बैठी थी। तभी शहर के पंजाबी कॉलोनी छोटा चौराहा निवासी मुकुल अरोड़ा, ऋषभ अरोड़ा व यश अरोड़ा दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचे और महिला से गालीगलौज करने लगे। बेटों ने विरोध किया तो उनसे मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि युवकों ने महिला से छेड़छाड़ भी की। आसपास के दुकानदारों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस मारपीट कर रहे लोगों को शांत कराने के साथ ही हिरासत में ले रही थी। तभी वहां मौजूद एक युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया और इसमें आरोप लगाया कि पुलिस उन लोगों से मारपीट कर रही है। हालांकि, ऐसे किसी वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। इसके बाद पुलिस तीनों युवकों को हिरासत में लेकर कोतवाली लाई। महिला की तहरीर पर मारपीट व छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में तीन नामित व दो अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एसएचओ प्रमोद मिश्र ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# डीसीएम और कार की भिड़ंत, चालक घायल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● इलाज के लिये चालक को कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी के पास सोमवार देर रात अनियंत्रित डीसीएम ने सामने से आ रही कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचना दी और उसे इलाज के लिये कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

कानपुर कल्याणपुर निवासी मनीष बाजपेयी सोमवार रात लगभग दस बजे कार से बैराज मार्ग होते हुये कानपुर की ओर जा रहे थे, जैसे ही वह बैराज मार्ग स्थित ट्रांस गंगा सिटी गेट नंबर चार के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही अनियंत्रित तेज रफ्तार डीसीएम ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार डिवाइडर पर चढ़ गई। उसमें सवार मनीष गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख राहगीर पहुंचे और बैराज चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# हादसे में मृत युवक का शव पहुंचने पर मचा कोहराम

**औरास उन्नाव।** थानाक्षेत्र के गांव कुंवरखेड़ा निवासी परमेश्वर का बेटा रजनीश (35) बीती शुक्रवार शाम देवतारा गांव में होने वाले बच्चे के मुंडन के लिये बैंड बुक करने गया था। कुछ सामान घर लौटते समय शराब ठेके के पास सामने से आ रहे आसीवान थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दूधिया ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर घायल हो गया था। उसे केजीएमयू में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई थी। मंगलवार दोपहर बाद जब उसका शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

कोई देखने वाला नहीं... विद्यालयों के निर्माण में इस्तेमाल हो रहीं पुरानी व पीली ईंट, ग्रामीणों के शिकायत करने पर भी बीईओ ने किया अनसुना

# साहब! 'गुरुजी' कर रहे 'नौनिहालों' की जान से खिलवाड़

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


बाउंड्रीवाल के निर्माण में इस्तेमाल की गईं पुरानी ईंटें। अमृत विचार


शौचालय के टैंक में लगाई गईं पुरानी व पीली ईंट। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र पंचायत हसनगंज के एक दर्जन से अधिक परिषदीय विद्यालयों के बाउंड्री व शौचालयों के निर्माण में जबरदस्त धांधली चल रही है। न सिर्फ मौरंग की जगह डस्ट का इस्तेमाल हो रहा है बल्कि, नई की जगह पुरानी व पीली ईंटों से चुनाई की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीईओ की निर्माण कराने वाले शिक्षकों से सांठगांठ है। इसीलिए घटिया निर्माण को लेकर आपत्ति जताने के बावजूद इसमें सुधार नहीं किया जा रहा है।

बता दें कि क्षेत्र के कुछ विद्यालयों की बाउंड्री निर्माण के लिए शासन ने बजट जारी किया है। वहीं कई विद्यालयों में शौचालयों निर्माण के लिए भी बजट जारी हुआ है। प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की लोकसभा चुनाव में व्यस्तता होने से बीईओ ने निर्माण कराने वालों को गुणवत्ता विहीन निर्माण कराने की हरी झंडी दे रखी है। इसीलिए न सिर्फ शौचालयों के टैंक निर्माण में पुरानी व पीली ईंट का इस्तेमाल हो रहा है बल्कि, बाउंड्री वाल सहित शौचालयों की दीवारों में भी पुरानी व पीली ईंट लगाने से गुरेज नहीं किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय कोरो कल्याण के भवन निर्माण में शत प्रतिशत तीसरे नंबर की पीली ईंट लगाई जा रही है। जिससे बनकर तैयार होते ही प्लास्टर व ईंट का स्वरूप बिगड़ना शुरू हो जाएगा। इसी तरह नगर पंचायत मोहान के परिषदीय विद्यालय में जहां घटिया बाउंड्री का निर्माण करा अधिक से अधिक रकम बचाने का प्रयास चल रहा है। वहीं हसेवा व संदान में भी बाउंड्री वाल व शौचालयों के निर्माण में निम्न स्तर का कार्य हो रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने पर निर्माण कराने वाले शिक्षक ध्यान नहीं दे रहे हैं। वह बजट के मुताबिक निर्माण कराने का दावा करते हैं जबकि ग्रामीणों के फोन करने पर बीईओ बात करने की जहमत नहीं उठाते। कुछ ग्रामीणों ने बीईओ से उनके कार्यालय जाकर शिकायत की लेकिन उन्होंने निर्माण स्तर बेहतर कराना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीणों के मुताबिक पुरानी ईंट का इस्तेमाल करने के बाद तुरंत प्लास्टर कर दिया जाता है। पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं से जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। घटिया निर्माण से क्षुब्ध ग्रामीण एसडीएम की चौखट तक दस्तक दे चुके हैं लेकिन, गुणवत्ता सुधार बजाए बिगड़ रही है।

### बीईओ ने मांगी घटिया निर्माण वाले विद्यालयों की सूची

बीईओ सुरेश सिंह ने कहा कि अगर कही घटिया निर्माण हो रहा है तो उन विद्यालयों के नाम आप उपलब्ध करा दें। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माण करा रहे शिक्षकों से साठगांठ के आरोपों को सिरे से नकारते हुए जांच में घटिया सामग्री इस्तेमाल होने के आरोप सही साबित होने पर संबंधित से रिकवरी कराने की भी बात कही।

### बजट खर्च, काम अधूरा

क्षेत्र के रामपुर अखौली प्राथमिक विद्यालय निर्माण मद में 11 लाख 25 हजार रुपए का बजट उपयोग कर लिया गया है, लेकिन मौके पर अभी अंतिम चरण का कार्य कराया जाना है। ग्रामीणों के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस विद्यालय भवन निर्माण को बजट स्वीकृत हुआ था। विद्यालय के खाते से जारी धनराशि निकाले जाने के बाद भी अब तक यहां निर्माण कराने वालों ने दरवाजे, खिड़की, सीढ़ियां, स्लोप आदि निर्माण के अलावा वायरिंग का कार्य भी नहीं कराया है।

# कहासुनी के बाद भाई-बहन ने निगला कीटनाशक, गंभीर

संवाददाता सफीपुर उन्नाव


जिला अस्पताल में भर्ती भाई-बहन।

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव में कहासुनी के बाद भाई-बहन ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उनको सीएचसी सफीपुर लाए। जहां उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी अमृत लाल की 21 वर्षीय बेटी आरती व बेटे श्रवण (19) में मंगलवार को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर बहन ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। इसकी जानकारी पर भाई में भी कीटनाशक खा लिया। श्रवण घर के बाहर पहुंचा और उसे उल्टियां होते देख परिजनों को इसकी जानकारी हुई। वहीं बहन की भी हालत बिगड़ने लगी। परिजन दोनों को सीएचसी लाए। जहां से उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों की हालत गंभीर होने से मां सुनीता परेशान है। जिला अस्पताल में पिता अमृत लाल ने बताया कि बेटा श्रवण बेंगलुरु में एक नर्सरी में काम करता है। होली पर घर आया था। मंगलवार को उसे वापस जाना था। बहन उससे रामनवमी के बाद जाने की बात कह रही थी। इसी में दोनों में विवाद हुआ था। लड़के के बैग में पेड़ पौधों में डालने वाले कीटनाशक की शीशी पड़ी थी। वही पहले बेटी और फिर बेटे ने निगल लिया।

# मंदिरों में उमड़े भक्त, मां शैलपुत्री का पूजन किया

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घरों में कलश स्थापना की गई, भक्तों ने शुरू किया नौ दिवसीय व्रत, गूंजा जयकारा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने जहां घरों में कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। भक्तों ने बड़े ही भक्तिभाव से मातारानी के जयकारे लगाए। मंदिर परिसरों में प्रवेश करने के बाद दर्शन कर देवी प्रतिमाओं के सामने शीश झुकाते रहे।

नौ देवियों की आराधना करने वालों ने सुबह जल्दी उठकर घरों में माता रानी के कलश स्थापना की तैयारियां शुरू कर दीं। श्रद्धालुओं ने कलश सहित माता रानी के चित्र का भी पूजन-अर्चन किया। अधिकांश भक्तों ने दुर्गा शप्तशती का पाठ भी किया। साथ ही मिष्ठान आदि का भोग लगाते हुए आरती भी उतारी। इस दौरान घरों में सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सवार्थ साधिके, शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते के स्वर वातावरण में सुनाई देते रहे। घरों में पूजन कर देवी भक्त सुविधानुसार स्टेशन रोड स्थित बड़े दुर्गा मंदिर, कल्याणी व पूर्णादेवी मंदिरों की राह पकड़ते रहे। महिलाएं परिवार के बच्चों सहित समूहों में मंदिरों की ओर बढ़ती दिखाई दीं। महिलाओं व बच्चों के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष श्रद्धालु भी दर्शन-पूजन के लिए मंदिर पहुंचे। भक्तगण मंदिरों में भी दुर्गा शप्तशती सहित विभिन्न मंत्रों का जप करते हुए मातारानी का स्मरण करते रहे।

**हिमालय की पुत्री हैं मां शैलपुत्री :**नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने मां के शैलपुत्री स्वरूप का पूजन-अर्चन किया। शहर के वयोवृद्ध आचार्य करुणा शंकर तिवारी ने बताया कि मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री होने से शैलपुत्री कहा जाता है। मां के इस स्वरूप की पूजा-अर्चना करने पर सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही इनका पूजन करने से चंद्रदोष समाप्त होता है। इन्हें प्रसन्न करने के लिए भक्तों को बीज मंत्र का जप करना चाहिए।



त्रिपुर सुंदरी मां राजराजेश्वरी देवी का भव्य मंदिर। अमृत विचार



उन्नाव शहर के कल्याणी माता मंदिर में दर्शन को आए श्रद्धालु। अमृत विचार



संतोषी माता मंदिर में स्थापित भव्य प्रतिमा।

### मंदिर बने मेला स्थल

शहर के विभिन्न मंदिर परिसरों के अलावा सड़कों पर भी श्रद्धालुओं को फूल, पूजन सामग्री, प्रसाद आदि उपलब्ध कराने वाली दुकानें सजी हैं, जिन पर पूरे दिन खरीदारों का पहुंचना जारी रहा। इसी तरह प्रसाधन सामग्री की दुकानों पर भी महिलाओं व बच्चों की आवाजाही बनी रही। मंदिरों के आसपास सजी दुकानों को देखकर पहले ही दिन से नवरात्र पर मेले जैसा दृश्य बना रहा।

### दर्शन को मंदिरों में लगीं भक्तों की कतारें

**बांगरमऊ।** नवरात्रि के प्रथम दिवस पर नगर के मोहल्ला शुक्लाना स्थित त्रिपुर सुंदरी श्री राजराजेश्वरी देवी मंदिर व भुवनेश्वरी देवी मंदिर में पूजन-अर्चन के लिए महिलाओं व पुरुषों की कतारें लगी रहीं। इसी प्रकार क्षेत्र के अहिरन पुरवा मार्ग स्थित शीतला देवी मंदिर पर परंपरागत मेला भी लगा। इसके अलावा मोहल्ला खत्रियाना स्थित संतोषी माता मंदिर, लखनऊ रोड क्रॉसिंग स्थित श्री बाला देवी मंदिर, नगर के मध्य स्थित मां राधे देवी, फूलमती माता व संदोहन देवी मंदिर, मोहल्ला न्यू कटरा के मां दुर्गा मंदिर में भी भक्तों की भीड़ रही। जबकि मोहल्ला चौधराना स्थित मां संकटा देवी मंदिर में विद्वान पुजारियों द्वारा वेद मंत्रोच्चार के साथ मां भगवती का विशेष पूजन किया गया।

# पौराणिक दुर्गा मंदिर में उमड़ी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** उन्नाव। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंगलवार को प्राचीन दुर्गा मंदिर में दर्शन करने के लिये भोर पहर से ही दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रही। वहीं लोगों ने शुभ मुहुर्त पर घरों में कलश की स्थापना की। इसके साथ ही मंदिरों के बाहर मेले जैसा माहौल देखने को मिले। वहीं मंदिरों में बज रहे भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया।

आदि शक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों के पूजन का विधि विधान नवरात्रि के रूप में किया जाता है। इन नौ रूपों में भक्त शैलपुत्री, बम्हचारिणी, चन्द्रघण्टा, कुष्माण्डा, स्कन्धमाता, मॉ कात्यायनी ,कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में पूजन अर्चन कर अपनी मनोकामनाएं मां के चरणों में निवेदित करते है क्षेत्र में होने वाले हवन, पूजन और उठने वाली सुगन्ध से सारा क्षेत्र भक्ति मय हो जाता है। इन नौ दिनो में काफी दूर-दूर तक के लोग पौराणिक महत्व रखने वाली मां राजमार्ग प्राचीन दुर्गा मन्दिर मे दर्शनाथ मंदिर पहुंचकर फरियाद उनकी चौखट पर लगाते है। दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलेने वाली बालूघाट गायत्री मन्दिर मां तथा कन्चननगर स्थित कन्चना देवी मन्दिर पर प्रातः काल से सायंकाल तक सैकडों फरियादी भक्त आते रहे। महेश मार्ग बाला जी मन्दिर पर दुर्गा जी व कात्यायनी मन्दिर, गान्धी नगर कुष्मान्डा मन्दिर, पोनीरोड झन्डे चौरहा झडेंश्वर मन्दिर पर दुर्गा मन्दिर, डाकतार कॉलोनी सोमा गौरी, काली मन्दिर व अन्य मन्दिरों में भी श्रद्धालुओं की भीडं रही।



चांदी के मठ में बिराजीं माता।



दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। अमृत विचार

# खनन में डंपर पकड़ने के बाद छोड़े !

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव में बीते कई दिनों से ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से हो रहे खनन पर कार्रवाई न होने से ग्रामीणों ने इसकी शिकायत एसडीएम से की थी। इस पर कानूनगो व लेखपाल मौके पर पहुंचे तो मौजूद डंपर व जेसीबी चालक अपने वाहन लेकर भागने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस 8 डंपर पकड़कर कोतवाली लाई, लेकिन चर्चा है कि राजनीतिक हस्तक्षेप के चलते सभी डंपरों को छोड़ दिया गया।

बता दें कि पाली व जगदीशपुर गांव में बीते कई दिनों से ग्राम समाज की भूमि पर मिट्टी का अवैध तरह से खनन किया जा रहा था। लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया और न ही क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर जाने की जहमत उठाई। परेशान किसानों ने इसकी शिकायत एसडीएम हसनगंज से की। उनके निर्देश पर कानूनगो व लेखपाल शंशाक शेखर मौके पर पहुंचे तो वहां जेसीबी से 8 डंपरों में मिट्टी भरी जा रही थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और 8 डंपर पकड़कर कोतवाली लाई। हैरत वाली बात यह है कि डंपर तो पकड़े गए लेकिन जेसीबी पकड़ में नहीं आई। हालांकि राजस्व कर्मी इस विषय में कुछ भी बताने से कतराते रहे। वहीं सूत्र बताते हैं कि राजनैतिक हस्तक्षेप के बाद पकड़े गए डंपर भी छोड़ दिए गये। लेखपाल शंशाक शेखर ने बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर 56 मीटर चौड़ाई और 126 मीटर लंबाई में अवैध खनन हुआ है। इसकी रिपोर्ट तहसीलदार हसनगंज के माध्यम से एसडीएम को भेजी जायेगी। खनन अधिकारी के संज्ञान में प्रकरण नहीं है। सीओ हसनगंज संतोष कुमार ने बताया कि डंपर राजस्व विभाग ने पकड़े थे और उन्होने ही छुड़वाये होंगे। कोतवाली से डंपर कैसे छोड़े गये इसकी जांच होगी। इसे लेकर एसडीएम व तहसीलदार से बात करने पर बात नहीं हो सकी।



कोतवाली के बाहर हाईवे किनारे खड़े पकड़े गए डंपर। अमृत विचार

- कानूनगो ने अजगैन कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किए थे डंपर

# तेज आवाज के साथ दगी सीटी, नगर की बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार दोपहर गोकुल बाबा के पास 33 केवीए लाइन ब्रेक हो गई। जिस कारण सरैयां सब स्टेशन की फीडर का केबिल बॉक्स दग गया। तेज आवाज होने के कारण मौजूद बिजली कर्मियों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान सभी फीडर बंद रहे। दोपहर से शाम तक बिजली न आने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी।

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान गोकुल बाबा सब स्टेशन के पास 33 केवीए लाइन ब्रेक हो गई। जिससे शुक्लागंज सब स्टेशन पर फीडर दो के पैनल की सीटी और केबिल बॉक्स तेज आवाज के साथ दग गई। जिससे सब स्टेशन में मौजूद बिजली कर्मी बाहर की ओर भागे। इस दौरान एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद, जेई विष्णु शुक्ला, अक्षयं तिवारी, टीजी 2 वीरेन्द्र प्रताप, अनुराग पाल समेत लाइनमैन पिंटू, अमित सिंह, शिवम् शुक्ला, भानू मिश्रा ने फाल्ट ढूंढा। जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान शाम करीब चार बजे 33 केवीए लाइन की मरम्मत हुई। जिसके बाद फीडर एक की आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं तकनीकी खराबी आने के कारण फीडर शक्ति नगर, दो, तीन और चार की आपूर्ति शाम करीब छह बजे तक बंद रही। जिससे पूरे नगर की बिजली गुल रही। बिजली न आने से इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। शाम को आपूर्ति चालू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

**14 घंटे गुल रही एक सैकड़ा घरों की बिजली:** मंगलवार भोर पहर चार बजे शक्ति नगर फीडर में रखे सौ केवीए के ट्रांसफार्मर की एचटी लाइन दग गई। जिससे एक सैकड़ा घरों की बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। इस दौरान शाम छह बजे तक बिजली गुल होने से लोग परेशान रहे।



सब स्टेशन में दगी सीटी की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

### लाइट ठीक करने में हाइड्रोलिक बकेट टूटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** फोरलेन स्थित गोपीनाथपुरम में रोड लाइट की मरम्मत करने के लिये मंगलवार दोपहर पालिका के इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारी पहुंचे। इस दौरान एक कर्मचारी हाइड्रोलिक मशीन के बकेट में बैठकर मरम्मत कर रहा था, तभी बकेट टूट गई और वह नीचे आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ऋषि नगर निवासी सरवन कुमार (48) नगर पालिका गंगाघाट के इलेक्ट्रिक विभाग में कार्यरत हैं। मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपने साथी गोरेलाल, प्रवीण, अमर, जीतेन्द्र, शिवा और हाइड्रोलिक ट्राली के चालक संजय के साथ गोपीनाथपुरम स्थित फोरलेन पर खराब रोड लाइट ठीक करने पहुंचे। जहां सरवन हाइड्रोलिक ट्राली के बकेट में बैठकर खंभे के ऊपरी हिस्से में पहुंचा और रोड लाइट की मरम्मत करने लगा, तभी अचानक हाइड्रोलिक ट्राली के बकेट टूट गया। जिसे वह जमीन पर आ गिरा। बीस फिट ऊपर से नीचे गिरने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख साथी कर्मी दौड़े और उसे घायल अवस्था में नगर के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उसे गंभीर चोटें आई हैं। इसकी जानकारी पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा को दी है।



निजी अस्पताल में भर्ती घायल सरवन।

# चंपापुरवा में चलाया गया सफाई अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड नौ पहुंचे। जहां साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर मंगलवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड नौ चंपापुरवा में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने चंपापुरवा, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई कर सिल्ट हटाई गई। वहीं शाम को वार्ड में फागिंग भी कराई।

- मच्छरों से बचाव के लिए शाम को वार्ड में फागिंग भी कराई

# पिता, दो बेटों को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला जज ने गैर इरादतन हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई के बाद घटना के आरोपी पिता व उसके दो बेटो को दोषी करार देते हुए उन्हें सात साल का कारावास दिया। इसके साथ सभी पर 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के भग्गाखेड़ा गांव निवासी रामकिशन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 19 अगस्त-2017 को उसके पिता बुद्धीलाल घर के बाहर सो रहे थे। तभी गांव का नन्हक्के अपने बेटे प्रकाश व राकेश के साथ आया और उसके पिता को साथ लेकर चला गया। बेटे के मुताबिक तीनों ने पुरानी खुन्नस के चलते पिता से मारपीट की थी। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने 20 अगस्त-2017 को रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। आईओ कमलेश्वर प्रसाद ने जांच के बाद तीनों के विरुद्ध साक्ष्य जुटाए और कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मंगलवार को अंतिम सुनवाई जिला जज की कोर्ट में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी की दलीलों व साक्ष्यों के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने नन्हक्के, राकेश व प्रकाश को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई।



- गैर इरादतन हत्या में जिला जज ने सुनाया फैसला

# रिश्तेदारों पर उत्पीड़न का लगाया आरोप

**उन्नाव।** सफीपुर क्षेत्र के कस्बा सरायं मुबारक निवासी राजू उर्फ अनमोल पुत्र राम गोपाल ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके दोनों हाथ एक हादसे में कट गए थे। इस पर मां राजदेवी ने इलाज के लिए अपनी जमीन बेची थी। आरोप है कि चचेरे भतीजे शैलेंद्र उर्फ सोनी, मनोज कुमार व संजय सहित अन्य दो लोगों ने मां पर जबरन दबाव बनाए थे कि जो जमीन बिकी है। उनको उसका दो प्रतिशत कमीशन दो। मना करने पर वे फर्जी शिकायत भी कर चुके हैं।

## सार-संक्षेप

### कोतवाली में तैनात सिपाही पर बंदरों का हमला, गंभीर

**सफीपुर उन्नाव।** कोतवाली सफीपुर में तैनात एक आरक्षी पर बंदरों ने हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे अन्य आरक्षियों ने बंदरों को खदेड़ा और घायल को सीएचसी लाये। जहां डाक्टर ने उसका उपचार किया। मंगलवार शाम करीब छह बजे आरक्षी कमलेश अपने कमरे के लान में किसी से मोबाइल से बात कर रहा था। तभी बंदरों ने अचानक उस पर हमला कर दिया। उसने अपने बचाव के लिए शोर मचाया। शोर सुनकर वहां पहुंचे अन्य आरक्षियों ने बंदरों को खदेड़ा और अस्पताल पहुंचाया। पुलिस कर्मियों ने बताया कि इस समय कोतवाली परिसर के आसपास बंदरों का आंतक है। यह पहली घटना नहीं है। आएदिन कोई न कोई शिकार होता रहता है।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित गिरफ्तार

**सफीपुर।** अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सफीपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। दरोगा कल्लूराम यादव ने बताया कि दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे मिथुन उर्फ मोहित शर्मा निवासी मोहल्ला जगदीशखेड़ा कस्बा सफीपुर को माया पैलेस के पास से पकड़ा गया है।

### मारपीट कर मोबाइल, नकदी छीनने का लगाया आरोप

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर निवासी एक युवक ने मोहल्ले के कुछ युवकों पर मारपीट कर नकदी और मोबाइल छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। गंगा नगर निवासी शिवम गुप्ता ने बताया कि सोमवार रात वह घर जा रहा था, तभी मोहल्ले के रहने वाले कुछ युवकों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे। जिसका उसने विरोध किया। इस दौरान उसकी जेब में पड़ी नकदी और मोबाइल छीन लिया। जिसके बाद उसके सिर पर हमला कर दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। आस पास के लोगों ने उसे कोतवाली पहुंचाया। जहां उसने आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है।

### तेज आंधी आने से टूटे 6 विद्युत पोल, सप्लाई बाधित

**नवाबगंज।** मंगलवार दोपहर बाद चली तेज आंधी के कारण अजगैन से सोहरामऊ विद्युत सब स्टेशन की 33 केवीए की लाइन जो नवाबगंज नहर से गुजरती है उसके 6 पोल टूटकर गिर गए। जिससे सोहरामऊ क्षेत्र की सप्लाई बाधित हो गई और देररात तक विभागीय कर्मचारी लाइन दुरुस्त करने में जुटे रहे। एसडीओ रुद्र प्रताप ने बताया कि 33 केवीए लाइन के 6 पोल टूटे हैं। जिन्हें बदलने का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सप्लाई शुरू हो इसके लिए सभी कर्मचारी कार्य में लगे हुए हैं।

### होमगार्ड पर छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत एक युवती ने होमगार्ड पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। कार्रवाई न होने पर एसपी से गुहार लगाने के बाद आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। बीघापुर कोतवाली अंतर्गत निबई चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अपने खेत में फसल की रखवाली करने के दौरान अपने पारिवारिक संतोष कुमार पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। उसने एसपी से शिकायत की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी होमगार्ड के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। एसओ राजपाल ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सिपाही पर पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप

**उन्नाव।** पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही की पत्नी का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। इसमें उसने अपने पति पर अप्राकृतिक यौन शोषण से इंकार करने पर घर खर्च न देने के साथ अन्य महिलाओं से संबंध रखने का आरोप लगाया। एसपी को संबोधित एक शिकायती पत्र भी वायरल हुआ है। जिसमें उसने कार्रवाई न होने पर अपनी दूधमुंही बच्ची के साथ आत्महत्या करने की बात कही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो व पत्र की पुष्टि नहीं करता है।

हिंदू कैलेंडर

नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के लोगों ने घूम-घूम कर सभी को दीं शुभकामनाएं

# नवसंवत्सर पर हिंदू जागरण मंच ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र शुक्ल प्रतिप्रदा पर हिंदू नव संवत्सर पर लोगों ने एक-दूसरे को जहां बधाइयां दीं। वहीं नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच के प्रांतीय पदाधिकारी विमल द्विवेदी ने पदाधिकारियों को साथ लेकर शहर की सड़कों पर भ्रमण करते हुए कारोबारियों सहित अन्य लोगों को हिदू नव संवत्सर 2081 पर शुभकामनाएं देते हुए तिलक लगा गले लगाया।

सुबह ब्रह्म मुहूर्त से ही लोगों ने व्हाट्सएप पर शुभकामना संदेश भेजने का सिलसिला शुरू कर दिया। वहीं मंदिरों में भी दर्शन-पूजन के बाद एक-दूसरे के परिचित लोग नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते रहे। लोगों ने परस्पर फोन पर भी हिंदू नववर्ष की बधाइयां दी। इधर, नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व हिंदू जागरण मंच प्रांतीय पदाधिकारी विमल द्विवेदी अपने संगठन के करीब आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं व ढोल-नगाड़ों सहित सड़कों पर निकले। उन्होंने शहर के प्रमुख बाजारों सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण करते हुए कारोबारियों व अन्य लोगों को घूम घूम कर भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वह लोगों के माथे पर रोली-कमुकुम व चंदन आदि से तिलक कर व्यापारियों को अंगवस्त्र भी भेंट करते रहे। संस्था के संस्थापक ने लोगों को नवसंवत्सर की जानकारी देते हुए बताया कि मान्यताओं के अनुसार इसी तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी, इसलिए इसी दिन से विक्रम संवत की शुरुआत मानी जाती है।

धरती के अपनी धूरी पर घुमते हुए सूर्य की एक परिक्रमा पूरा होकर दूसरे की शुरुआत पर ही नवसंवत्सर मनाया जाता है। इसीलिए इसे हिंदू नववर्ष भी कहते हैं। इस दौरान हिंजामं के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, विकास सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, योगेंद्र तिवारी, अखिल मिश्रा, परिमल मिश्रा, विष्णु गुप्ता, सुनील भदोरिया, रामकिशन तिवारी, केतन अवस्थी, अनिल सोनी, धर्मेंद्र शुक्ला, सर्वेश शुक्ला, मुकेश दीक्षित व शिवम आज़ाद आदि मौजूद रहे।




शहर के बड़ा चौराहा पर सिख कारोबारी को अंगवस्त्र भेंट करते विमल द्विवेदी।

- कारोबारियों को रोली-चंदन का तिलक लगाते हुए भेंट किये अंगवस्त्र

# 12 को नियुक्त किए जाएंगे पीठासीन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों की आवक शुरू होने से पहले ही प्रशासन ने मतदान कराने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम गौरांग राठी ने सभी विभागाध्यक्षों को 12 अप्रैल को पीठासीन अधिकारी बनाए गए कर्मचारियों के नियुक्ति पत्र लेने का आदेश जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि जिले में 13 मई को मतदान होना है। राजनैतिक दलों भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी मैदान में डटकर मतदाताओं से सीधे संपर्क कर उन्हें जिताने की अपील कर रहे हैं। यही नहीं नेतृत्व के निर्देश पर संबंधित दलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी प्रत्याशियों को सफलता दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि अभी राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक शुरुआती चरण वाले संसदीय क्षेत्रों में व्यस्त हैं।वहीं, जिला प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र जारी कर मतदान दिवस के लिए पीठासीन अधिकारी बनाए गए कर्मचारियों के नियुक्ति आदेश लेने के निर्देश दे दिये हैं। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में विभागाध्यक्षों को 12 अप्रैल को सुबह 11 बजे विकास भवन सभागार पहुंचने को कहा गया है। जहां प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ व सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक डीडीओ द्वारा विभागाध्यक्षों या उनके प्रतिनिधि को प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ व सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक डीडीओ द्वारा नियुक्ति आदेश उपलब्ध कराए हैं।

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभागाध्यक्षों को ड्यूटी पत्र लेने बुलाया



**30वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.44 बजे
इफ्तार : 06.23 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .57 बजे
इफ्तार : 06.11 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## माता विंध्यवासिनी धाम रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**बछरावां, रायबरेली।** क्षेत्र में नवरात्र शुरू होने से एक दिन पूर्व देर शाम हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था बछरावां स्टेशन पर दिखाई पड़ा। बछरावां क्षेत्र के दूर-दराज से आए हुए श्रद्धालु विंध्याचल धाम जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर हजारों की संख्या में दिखाई पड़े। नवरात्र के एक दिन पूर्व मां विंध्यवासिनी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु बछरावां रेलवे स्टेशन से विंध्याचल धाम जनपद मिर्जापुर के लिए रवाना हो रहे है। जत्थे में शामिल अरुण कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष नवरात्र के महीने में विंध्याचल के दर्शन करने के लिए हम लोग जाते हैं।

# 307 मतदान केंद्रों पर अफसरों की रहेगी विशेष नजर

- **लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अफसरों ने बनाई रणनीति**
- **168 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात**

दुर्गेश पांडेय, रायबरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए अफसरों ने तैयारी शुरू कर दी है। 307 मतदान केंद्र ऐसे चुने गए हैं, जो संवेदनशील और अतिसंवेदनशील है। इन्हे क्रिटिकल की श्रेणी में रखते हुए विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा जिले को 19 जोन में बांटते हुए जोनवार जिम्मेदारी भी सौंप दी है। चुनाव आयोग द्वारा जिले में पांचवे चरण में मतदान कराया जाएगा।

20 मई को जिले के लोग अपना सांसद चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए अभी एक महीने से अधिक का समय शेष है। इससे पहले अफसर कील कांटा दुरुस्त करने में लगे हुए हैं। शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए जनपद को 19 जोन में विभाजित किया गया है। इसके साथ ही साथ छोटी-बड़ी सभी जिम्मेदारियां जिले के आला अधिकारी एवं कर्मचारियों को सौंपी जा चुकी है, ताकि चुनाव में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न न हो एवं मतदान शांतिपूर्ण ढंग से कराया जा सके।

चुनाव के सभी पहलुओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने 168 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। साथ ही साथ एक दिन का भ्रमण भी सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरा कर चुके हैं। सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ 2236 पोलिंग पार्टी लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए गठन किया जा चुका है। पोलिंग पार्टियों को मतदान करने की ट्रेनिंग भी बहुत जल्द शुरू करा दी जाएगी।

**जिले में लोकसभा चुनाव पर एक नजर**

| | |
|---|---|
| मतदान केंद्र | 1463 |
| मतदेय स्थल | 2236 |
| मतदाता | 2123464 |
| संवेदनशील मतदान केंद्र | 307 |
| निगरानी टीम | 18 |
| सेक्टर मजिस्ट्रेट | 168 |

### चुनाव पर निगरानी के लिए टीम गठित

मतदान कराने के लिए 1463 मतदान केंद्र व 2236 मतदेय स्थल पर लगभग 2123 464 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। संवेदनशील 307 मतदान केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। जिला निर्वाचन अधीकारी ने कालेधन, अवैध नशीले सामान आदि की धरपकड़ व निगरानी के लिए जनपद में 18 उड़न दस्ता निगरानी टीमों की नियुक्ति कर दी है।

## मतदान कार्मिकों और माइक्रो आब्जर्वर को मिलेगा प्रशिक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाये गये मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्धान्तिक एवं ईवीएम व वीवी पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने के निर्देश दिए है। मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय के निर्धारित कक्षों में 15 अप्रैल से 19 अप्रैल तक एवं द्वितीय प्रशिक्षण 10 मई से 15 मई तक दो पालियों में होगा। प्रथम पाली सुबह 10 से अपराह्न एक बजे तक, द्वितीय पाली अपराह्न दो बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। इसी प्रकार माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में 12 मई और 15 मई को अपराह्न चार बजे से संपन्न कराया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतदान कार्मिकों व माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण के लिए फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के निर्धारित कक्षों, ऑडिटोरियम सहित अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डेस्क व्यवस्था, पीने के लिए स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री व स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

## एक नजर

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे ननकू मजरे पट्टीरहस कैथवल गांव निवासी अमलेश कुमार की पत्नी अर्चना देवी को गांव के पास निर्माणाधीन बाईपास के निकट डंपर ने टक्कर मार दी थी। घायल महिला को सीएचसी लाया गया था, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जिसके बाद डॉक्टरों ने हालत बिगड़ने पर उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया था। जिसके बाद परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार की सुबह महिला की मौत हो गई। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

### गड्ढे में गिरी नीलगाय को सकुशल निकाला

**महराजगंज, रायबरेली।** पिंडारी कला ग्राम पंचायत के पूरे उदवा गांव निवासी राजेंद्र सिंह के दरवाजे बनाए जा रहे शौचालय के गड्ढे में मंगलवार की शाम पानी की तलाश में भटक रही एक नीलगाय गड्ढे में गिरकर तड़पने लगी। देखते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। उसे बाहर निकालने की कोशिश में जुटे ग्रामीणों की घंटो मशक्कत के बाद नील गाय बाहर नही निकली तो सूचना अग्निशमन को दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। अग्नि शमन केंद्र के स्टेशन प्रभारी प्रभाकर मिश्रा ने बताया कि नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया है।

### पत्नी व ससुराल वालों पर लगाया धमकाने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पट्टी रहस कैथवल गांव निवासी अनूप कुमार मौर्य का कहना है कि उसकी शादी भदोखर थाना क्षेत्र के बेलखारा गांव में हुई थी। उसकी पांच माह की बेटी भी है। शादी के कुछ दिनों बाद से ही वो मनमुताबिक तरीके से मायके चली गई। जब मैं उसे लाने गया तो उसके पिता ने बेटी को भेजने से मना कर दिया। पत्नी द्वारा उसके माता पिता व भाई को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। मंगलवार को पीड़ित ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर गुहार लगाई है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उभय पक्षों को बुलाकर मामला निस्तारित कराया जायेगा।

### चार गैंगस्टर और एनडीपीएस के आरोपितों को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** पलटी खेड़ा थाना सरेनी निवासी कैलाश पुत्र रामपाल, निशांत पुत्र जगत बहादुर, गोविंद पुत्र राम बहादुर और नवरंग सिंह का पुरवा मजरे आलमपुर निवासी पीयूष वर्मा पुत्र सुरेश को गैंगस्टर के तहत जेल भेजा गया है। इसके अलावा पुलिस ने चचिहा मजरे कोरिहरा निवासी नागेंद्र उर्फ बबलू पुत्र रामदास को अवैध पोस्ता छिलका बेचने के आरोप में जेल भेजा है। उसके पास से 1100 ग्राम अवैध पोस्ता छिलका बरामद हुआ है। प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी अपराध करते पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जर्जर तार छीन रहे किसानों का निवाला

- **खेतों के ऊपर से गुजर रहे जर्जर बिजली के तार बन रहे हैं हादसों का कारण**
- **अब तक जनपद के अलग-अलग स्थानों पर हो चुकी हैं कई घटनाएं, जल चुकी है सैकड़ों बीघे फसल**

संवाददाता, रायबरेली



बिजली के शॉर्ट सर्किट से जली हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तक जगह जगह ढीले जर्जर बिजली के तार हादसों को दावत दे रहे है। बावजूद इसके बिजली विभाग कच्छप गति से काम कर रहा है, जबकि जिले में शॉर्ट सर्किट से सैकड़ों बीघे किसानों की फसल जल कर राख हो गई है। ऐसे जर्जर व ढीले तारों से निकलने वाली चिंगारी से प्रतिदिन खेतों में खड़ी फसलें आग का शिकार हो रही हैं। गर्मी शुरू होने से पहले ऐसे तारों को दुरुस्त करने को लेकर विभागीय लापरवाही का खामियाजा अब सामने आने लगा है।

खेतों के ऊपर से निकल रहे जर्जर व ढीले तारों के शॉर्टसर्किट से निकली चिंगारी से आग की घटनाएं आम हैं। गर्मी के दिनों में इस प्रकार के हादसों में तेजी से वृद्धि भी देखी जा रही हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग समय रहते सजगता नही बरत रहा है। मौसम परिवर्तन होने के बाद जबसे गर्मी ने अपना रुख कड़क किया है तब से अग्नि कांड की घटनाएं रोज घटित हो रही है। घटनाओ में किसानो को तगड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। अप्रैल से अब तक एक सप्ताह के अंतर्गत सैकड़ो बीघे गेहू की फसल जलकर राख हो चुकी है। जिले के डलमऊ, खीरों, महराजगंज, नसीराबाद, शिवगढ़ में आग ने तांडव मचा रखा है। किसानों की माने तो खेतों में खड़ी फसल के ऊपर से निकलने वाली बिजली के तारों की स्पार्किंग से निकलने वाली चिंगारी से फसल ले जलकर स्वाहा हो चुकी है। बताया जाता है कि लाइन दुरुस्त करने के लिए विभाग से बजट भी मिलता है लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नही दिख रहा है।

> जहां भी ढीले बिजली के तारों की जानकारी मिलती है, वहां पर तत्काल काम कराया जा रहा है। अग्निकांड की घटनाओं को लेकर हवा तेज चलने पर बिजली काट दी जा रही है। बाकी जहां भी ऐसी शिकायत मिलेगी उसे सही कराया जाएगा।
>
> **-रामकुमार, अधीक्षण अभियंता द्वितीय रायबरेली।**

### समय से नहीं पहुंची दमकल, आक्रोश

**डीह, रायबरेली।** डीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत मऊ ग्राम मऊ पंचायत में पेट्रोल पंप के सामने विद्युत लाइन में शार्ट-सर्किट से लगी आग में लगभग 10 बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना के बाद भी समय से दमकल वाहन नही पहुंचा, जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जली

**महराजगंज।** हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी गेहूं की खड़ी फसल में गिरी तीन किसानों की 15 बिस्वा फसल जलकर राख हो गई। मंगलवार दोपहर अटरा गंगा के दयाराम, जगदेव व अब्दुल अली के अगल-बगल स्थित खेतों के ऊपर लगी हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी से आग लग गई, जिससे नीचे खड़ी गेहूं की फसल धूं-धूं कर जलने लगी। आग लगने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

### शॉर्ट-सर्किट की चिंगारी से फसल जलकर हुई राख

**बछरावां।** थाना क्षेत्र की थुलेड़ी चौकी के अंतर्गत अटरा गांव में हाईटेंशन लाइन की शार्ट-सर्किट से निकली चिंगारी तीन किसानों के लिए आफत का सबब बन गई और तीनों की पांच पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। अटरा गांव के रहने वाले किसान दया राम, जगदेव और हरदोई गांव के रहने वाले अब्दुल अली तीनों की पांच-पांच बिस्वा कुल पंद्रह बिस्वा फसल हाईटेंशन लाइन की शार्ट-सर्किट से जली है, जिसकी रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

### स्पार्किंग से जली फसल

**राही, रायबरेली।** बिजली की स्पार्किंग से दो लोगों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मंगलवार को पूरे गोसाईं मजरे बेलाभेला में बिजली के तार से हुई स्पार्किंग से गेहूं के खेत में आग लग गई। जिससे रामसुमेर की सात बिस्सा और राम सिंह की करीबन आठ बिस्सा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। खेत में मौजूद किसानों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। फायर ब्रिगेड के आने के पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर हुए नुकसान की रिपोर्ट अपने उच्चाधिकारियों को सौंप दिया है।

# आग से दो बाइकें जलीं, गाय व बछड़े की मौत

महराजगंज, रायबरेली



आग से जली मोटर साइकिलें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के आर्य नगर में आग लगने से दो घरों की मोटर साइकिल व गृहस्थी सहित गाय व बछड़े की झुलसकर मौत हो गई। मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे आर्य नगर (घेरा) निवासी मेड़ा देवी के मकान में रखे छप्पर में आग लग गई।

आग की लपटें देख ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। वहीं आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत से जब तक आग पर काबू पाते तब तक छप्पर के नीचे बंधी मेड़ा देवी की गाय व बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना पर आनन-फानन मौके पर पहुंचे पशु-चिकित्सक ने दोनों गोवंशों का इलाज किया, फिर भी दोनों गोवंशों को बचाया नहीं जा सका। तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है।

# फ्लोर मिल के गोदाम में लगी आग, मची अफरा-तफरी



फ्लोर मिल के गोदाम में लगी आग को बुझाते दमकम कर्मी। अमृत विचार

अमावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक फ्लोर मिल के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। गोदाम से उठता हुआ धुआं देखकर मौके पर मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। मिल मालिक की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपए के बोरे जलकर स्वाहा हो गए।

घटना मिल एरिया थाना क्षेत्र में इंडस्ट्रियल एरिया स्थित रायबरेली फ्लोर मिल में आज सुबह 6:30 बजे की है। जब फ्लोर मिल के बोरे के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। गोदाम से उठता हुआ धुआं देखकर दौड़े मिल के कर्मचारियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम के अंदर से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगी। मिल मालिक की सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों से दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया, लेकिन खिड़कियों के रास्ते की जा रही पानी की बौछारों से भी आग शांत नहीं हुई।

आनन-फानन में जेसीबी की मदद से गोदाम की एक दीवार गिरवा कर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक गोदाम में रखे लाखों रुपए की कीमत के बोरे जलकर खाक हो गए। मिल के मालिक सुक्खू बाबू ने बताया कि बोरे के गोदाम में आग लगी थी किसी कर्मचारी द्वारा बीड़ी पीकर फेंकने से आग लगने की संभावना है। बोरे का गोदाम मिल के आखिरी हिस्से में बना होने के कारण प्रोडक्शन गोदाम सुरक्षित रहा। नहीं तो ज्यादा नुकसान हो सकता था।

# गोवंशों से भरी डीसीएम को पुलिस ने पकड़ा, चार गिरफ्तार

- **16 गोवंशों को कराया गया मुक्त**

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** गोवंशों से लदे जा रहे एक डीसीएम को मुखबिर की सूचना पर डलमऊ पुलिस ने धर दबोचा। साथ-साथ उसकी रैकी कर रही एक बोलेरो गाड़ी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गई। जिनमें से चार को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा शेष अभियुक्त भागने में सफल रहे है।

सोमवार की रात को डलमऊ पुलिस को सूचना मिली की एक डीसीएम गाड़ी में कुछ गोवंशों को अवैध तरीके से लाद कर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और मुर्शिदाबाद सराय दिलावर मोड़ के पास एक डीसीएम गाड़ी व उसकी रैकी कर रही एक बोलेरो को पकड़ लिया। बोलेरो सवार दो युवकों एवं डीसीएम में सवार दो अन्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि डीसीएम में 16 गोवंश लदे हुए थे।

कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि रात में एक डीसीएम गाड़ी से गोवंशों को बांधकर ले जाया जा रहा था। सूचना मिलते ही उन्हें घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया गया है। गाड़ी में 16 गोवंश थे जिन्हें मुक्त कराया गया है एवं एक बोलेरो गाड़ी भी बरामद हुई है। गाड़ी से पकड़े गए राजू, शमीम अहमद, अनिल पाल, कल्लू पासवान व डीसीएम गाड़ी का चालक गुलाम वसी एवं रिंकू को मौके से पकड़ा गया है जबकि अन्य भागने में सफल रहे। सभी के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप



पूजन-अर्चन के बाद प्रसाद वितरित करतीं केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी।

### स्मृति ने माता मिढुरिन मंदिर में किया पूजन-अर्चन

**परशदेपुर, रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने चैत्र नवरात्र के पहले दिन परशदेपुर के माता मिढुरिन देवी धाम में पूजन-अर्चन किया। उन्होंने फल, मिष्ठान, चुनरी इत्यादि माता को अर्पण करते हुए विधिवत पूजन-अर्चन कर संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। स्मृति ने शंख बजाकर पूजा संपन्न की और उपस्थित लोगों को प्रसाद का भी वितरण किया। पुजारी भोलानाथ तिवारी ने स्मृति को चुनरी भेंट की। इस मौके पर सलोन विधायक अशोक कुमार, पूर्व प्रमुख सुखवीर सिंह, चेयरमैन विनोद कौशल, सीपी श्रीवास्तव, कुंवर प्रताप सिंह, सुधीर मिश्रा, महेश विश्वकर्मा, श्रीकांत त्रिवेदी, प्रमोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

### मंदिरों में माथा टेक स्मृति ने लिया आशीर्वाद



शंख बजातीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व साथ में मौजूद दुर्गेश त्रिपाठी।

**अमेठी।** केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी ने अमेठी क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर की पूजा अर्चना की। उन्होंने अमेठी की खुशहाली के लिए माता रानी से कामना की। उन्होंने सभी सिद्ध पीठ मंदिरो में पहुंचकर आशीर्वाद लिया। मां दुर्गन भवानी धाम, कालिकन धाम, देवी पाटन भवानी, हिंगलाज माता समेत अन्य मंदिरों में दर्शन पूजन किया। सांसद स्मृति इरानी चैत्र नवरात्रि के पहले दिन जहां अमेठी के विभिन्न सिद्ध पीठ मंदिरों में पहुंचकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। वहीं अमेठी संसदीय क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए मां से कामना की। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जिस तरह सांसद स्मृति इरानी अमेठी के विभिन्न सिद्ध पीठ मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना कर रही हैं और क्षेत्र की खुशहाली के लिए माता रानी से कामना करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान पुजारी राजेन्द्र तिवारी, मंदिर कमेटी अध्यक्ष संतोष सिंह राघीपुर, झबेले सिंह, राम कुबेर पांडेय व रवि सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### शॉर्ट-सर्किट से नकदी समेत दो बाइकें जलीं



आग लगने से जली मोटर साइकिलें।

**सरेनी।** बीती रात थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव की एक दुकान में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। इससे 20 हजार की नकदी, दो मोटर साइकिल सहित लाखों का सामान जल गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग काबू किया। आग बुझाने में एक युवक का हाथ आंशिक रूप से झुलस गया। थाना क्षेत्र के लखनापुर गांव के रहने वाले रामकुमार मिश्र की दुकान में बीती रात शार्ट-सर्किट से आग लग गई। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। जब तक लोग मौके पर पहुंचते इसके पहले ही आग भड़क गई और पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बिजली का कनेक्शन काटकर पानी की बौछारों से आग बुझाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। दुकान में रखी 20 हजार की नकदी, दो बाइक सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।

### हजारों की नकदी समेत जेवरात चोरी

**सरेनी, रायबरेली।** सोमवार की रात को छत पर चढ़कर आंगन में कूदे चोरों ने एक घर से 80 हजार की नकदी व एक लाख के सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। पीड़ित ने मंगलवार को गेगासो पुलिस को तहरीर दे दिया है। थाना क्षेत्र के सिंघौरतारा गांव के रहने वाले राजेंद्र साहू पुत्र स्व. भगवान दीन साहू बीती रात को खाना खाकर दरवाजे पर सो गए जबकि उनकी पत्नी व बच्चे घर के अंदर कमरे में सो गए। रात में चोर छत पर चढ़कर आंगन में कूद गये और एक कमरे का ताला तोड़कर अलमारी का लाकर भी तोड़ डाला और उसमें रखे 80 हजार के नकदी व एक लाख के सोने चांदी की जेवर निकल ले गए। घटना की जानकारी राजेंद्र को आज सुबह 4 बजे हुई। पीड़ित ने गेगासो पुलिस को तहरीर दे दिया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है। घटना की जांच की जा रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**राही, रायबरेली, अमृत विचार।** ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। रायबरेली ऊंचाहार रेलवे लाइन पर मंगलवार की सुबह ट्रेन से कटा हुआ क्षत-विक्षत शव मिला। जिसकी पहचान विनय कुमार यादव उर्फ मुन्ना पुत्र स्व. बैजनाथ निवासी दरियापुर थाना भदोखर के रूप में हुई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक मुन्ना पिछले कई सालों से बीमार रहता था। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि मृतक मुन्ना मानसिक रूप से विक्षिप्त था। ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई है। बड़े भाई अन्ना ने बताया कि मुन्ना की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

### मंदबुद्धि मां को नींद की गोली खिलाकर किशोरी का अपहरण

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव सेवनपुर में शनिवार की दोपहर बाद लगभग दो बजे इसी गांव का युवक गांव की एक मंदबुद्धि महिला को नींद की गोली खिलाकर उसकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया। पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने घटना के चौथे दिन नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपहृता की खोजबीन शुरू कर दी है। सेवनपुर निवासी रामवती पत्नी स्व. श्रीकेश लोधी ने खीरो थाने में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव के निवासी शिवकेश पुत्र देशराज ने शनिवार की दोपहर बाद लगभग दो बजे उसे धोखे से नींद की गोली खिला दी।,जिससे उसे नींद आ गई। इसी दौरान शिवकेश उसकी बेटी ममता का अपहरण कर लिया। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर अपहृता की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# हर-हर गंगे के उद्घोष से गूंजे गंगा तट, श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

ऊंचाहार, रायबरेली

**अमृत विचार।** नव वर्ष एवं वासंतीय नवरात्र स्थापना दिवस पर महर्षि गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली गोकना घाट पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर कल्याण की कामना की। समिति द्वारा गंगामहा आरती एवम् दीपदान किया गया। घाट पर भोर से ही स्नानार्थियों के स्नान का सिलसिला शुरू हुआ।

हर-हर गंगे, जय मां शेरा वाली के नारों व घंटा घड़ियाल की ध्वनि से घाट गुंजायमान रहे। ऐतिहासिक गोकना घाट पर स्नान के लिए क्षेत्र के अलावां अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ जिले से स्नानार्थियों ने गंगा स्नान कर मंदिरों में जलाभिषेक किया और नवरात्र पर मां दुर्गा की कलश स्थापना के लिए जल भरा। भक्तों ने घाट पर लगे मेले में नवरात्र पूजन के लिए नारियल, चुनरी, कलश और अन्य सजावट की सामग्री की जमकर खरीदारी की।

मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण सेवा समिति के सचिव व पुरोहित पं. जितेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि आज के दिन सृष्टि के लिए विशेष महत्व है। आज ही के दिन भगवान ब्रह्मा जी ने इस सृष्टि की रचना प्रारंभ की। आज ही के दिन चारों वेद प्रारंभ हुई तथा प्रभु श्री राम और महाराज युधिष्ठिर जी का राज्याभिषेक दिवस भी है और आज ही के दिन मां दुर्गा ने अपने प्रथम शैलपुत्री के रूप में राक्षसों का संघार करने के लिए प्रकट हुई। आज ही के दिन संवत्सर प्रारंभ हुआ।

आज से पन्द्रह दिवसीय व्रत गंगा स्नान मेला प्रारंभ हो गया। इससे पूर्व समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिरों के साथ घाटों की सफाई की गई। गंगा का जलस्तर लगभग तीन फुट से अधिक वृद्धि होने के कारण समिति की ओर से गहरे जल में स्नान न करने व अपने सामान की सुरक्षा करने की अपील की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के गोला घाट, पूरे तीर, बहादुरगंज के घाटों पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने स्नान-दान कर पुण्य व मोक्ष की कामना की।



गोकना स्थित गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# नवरात्र के प्रथम दिन घर से मंदिरों तक गूंजते रहे मां के जयकारे

▸▸ मंदिरों में देखी गई लंबी-लंबी कतारें

संवाददाता, रायबरेली


मंशा देवी मंदिर में पूजन अर्चन के लिए लगी भक्तों की भीड़।


सलोन में दुर्गा मां की पूजा करतीं प्रधानाचार्य कामाक्षा।

**अमृत विचार।** वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की संख्या अधिक नजर आई। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्त कतारबद्ध दिखे कुछ भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंदिरों में हवन का भी आयोजन किया था जिसमें परिवार के सभी सदस्य श्रद्धा के साथ हवन करते दिखाई दिए। इसी के साथ कुछ मंदिरों में बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन कराए गए। हवन में प्रयोग की गई समिधा से मंदिर और उसके आस-पास का वातावरण सुआसित हो गया। किसी मनौती पूर्ण होने पर मां को पूजन सामग्री के साथ चुनरी समर्पित की। वही कुछ ने मनौती पूर्ण होने पर चुनरी चढ़ाने का संकल्प भी लिया।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुप्रसिद्ध देवी मंदिर विंध्यवासिनी धाम (विंध्याचल) दर्शन के लिए जाते हुए दिखाई पड़े। इसी के साथ घरों भी लोगों ने घट स्थापना कर श्रद्धा की अलख जगाई। शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित मंशा देवी मंदिर, राना नगर स्थित मढीन देवी मंदिर व रायपुर स्थित चम्पा देवी मंदिर, आईटीआई स्थित दुर्गा मंदिर में भक्तों के जयकारे दिनभर गूंजते रहे। उधर सलोन क्षेत्र के न्यू स्टेंडर्ड पब्लिक स्कूल सलोन में नवरात्र के प्रथम दिन माँ दुर्गा के वेश में छात्रा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान प्रधानाचार्य कामाक्षा सिंह सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### नवरात्र आते ही फलों के दामों में हुई वृद्धि

50 से 60 रुपये दर्जन में बिकने वाला केला 80 रुपये दर्जन पर पहुंच गया। 100 से 120 रुपये किलो में बिकने वाला सेब 160 व उससे ऊपर पहुंच गया। सिंघाड़े का आटा 180 रुपये किलो में बिक रहा है। इसी प्रकार अंगूर अन्य फलों में भी 20 से 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई।

## तीन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** डीह थाना क्षेत्र में महिला ने जमीनी विवाद में धोखाधड़ी करने का तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है। परशदेपुर के वार्ड नंबर नौ निवासी अलका सोनी पत्नी राजकुमार कौशल ने डीह थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भदोखर थाना क्षेत्र के ग्राम दरियापुर फार्म निवासी गिरिजानंदन त्रिपाठी, शिवांशु त्रिपाठी, अजितेश शुक्ला उर्फ अंकुर ने ग्राम अहोरा रामपुर में स्थित भूमि को 56 लाख रुपए में क्रय करना तय किया था। जिसके इकरारनामे में चेयरमैन विनोद कौशल व श्रीकांत त्रिवेदी गवाह भी हैं। अलका का आरोप है कि उसके पति ने गिरिजानंदन त्रिपाठी के खाते में 20 लाख रूपए ट्रांसफर भी किया। गिरिजा नंदन त्रिपाठी ने एक माह में बैनामा करने की बात कही थी। लेकिन जब उसने बाकी के 36 लाख रूपए का इंतजाम कर लिया तो गिरिजा नंदन त्रिपाठी ने बैनामा करने से मना कर दिया। अलका सोनी का आरोप है कि धोखाधड़ी से 20 लाख रुपए हड़प करके न तो रजिस्ट्री की जा रही है और न ही पैसा वापस किया जा रहा। पुलिस ने मामले में धारा 406, 420, 504 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मतदाता जागरुकता एवं स्कूल चलो अभियान को लेकर बैठक



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

शिवगढ़, रायबरेली

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय बेड़ारु में स्कूल चलो अभियान एवं मतदाता जागरुकता अभियान के तहत न्याय पंचायत बेड़ारू के समस्त प्रधानाध्यापकों एवं बेड़ारु ग्रामसभा के अभिभावकों की बैठक संपंन हुई। कंपोजिट विद्यालय बेड़ारू के प्रधानाध्यापक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों को मतदाता जागरुकता एवं स्कूल चलो अभियान की शपथ दिलाई।

प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा के नेतृत्व में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विद्या संस्कार किया गया। प्रधानाध्यापक दिनेश वर्मा ने जहां विद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया तो वहीं शिवगढ़ खंड शिक्षाधिकारी अनिल मिश्रा ने विद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को रोली अक्षत का तिलक लगाकर नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बैठक में मौजूद प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार ने विद्यालय के विकास में योगदान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा बैड़ारु के शाखा प्रबंधक आसेन्द्र पटेल, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप, शंकुल प्रभारी आशीष पटेल, प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार, जितेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सभी मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक

**बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार।** विकास क्षेत्र के कई स्थानों पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. मनोज कुमार पांडेय ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर लोगों के साथ मुलाकात की। चुनावी सर गर्मी के बीच क्षेत्र में निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री ने होली मिलन के साथ-साथ आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक किया। इसी क्रम में बछरावां विधान सभा क्षेत्र के ग्राम कन्नावा, बछरावां कस्बा एवं ग्राम रामपुर मुजर नीमटीकर सहित कई जगह लोगों से मुलाकात की तथा ग्राम रामपुर में होली मिलन समारोह के आयोजन मे सम्मिलित हुए, जहां कार्यक्रम के आयोजन कर्मचारी संघ के नेता प्रेमानंद चतुर्वेदी ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के इस मौके पर कृष्णकांत त्रिवेदी, शंकर तिवारी, विनीत मिश्रा, पंकज द्विवेदी, आशु नेता, प्रशांत चतुर्वेदी, मनीष गुप्ता, सुशांत चतुर्वेदी, रामकुमार गुप्ता, ऋषभ चतुर्वेदी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण व जनमानस मौजूद रहा।

### चोरी का मुकदमा दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** खिड़की के रास्ते घर में घुसकर चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में भुक्तभोगी महिला ने कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के रुकुन पुर गांव की है। गांव निवासिनी संगीता पत्नी देशराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते गुरुवार को वह रिश्तेदारी में निमंत्रण करने गई थी। इसी का फायदा उठा गांव के दिनेश कुमार पुत्र राम खेलावन ने गुरुवार/शुक्रवार की रात खिड़की के रास्ते घर में घुसे और कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखी चांदी की हाफपेटी व सोने की कील उठा ले गए। भुक्त भोगी महिला द्वारा नामजद तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### अलग-अलग जगहों पर हुई आगजनी

**खीरों/ सेमरी, रायबरेली, अमृत विचार।** मंगलवार को खीरों क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों में आगजनी की घटनाएं हुई। पहली घटना में सेमरी क्षेत्र के कुराइनखेड़ा निवासी बीरेंद्र लोधी की पत्नी मंगलवार को सुबह लगभग दस बजे छप्पर के नीचे चूल्हे में खाना बना रही थी। तभी अचानक चूल्हे से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई। जिसमें अनाज कपड़े आदि गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। दूसरी घटना में भीतरगांव निवासी कल्लू यादव ने अपने ही गांव के राधेश्याम और सर्वेश के खेत बटाई ले रखे हैं। खेत मे अचानक हाई टेंशन लाइन का तार टूटकर उनके खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में गिर गया। जिससे गेहूं की फसल में आग लग गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों घटनाओं में राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा था।

### धूल भरी तेज आंधी ने मचाई तबाही, उड़े टीनशेड

**शिवगढ़, रायबरेली।** मंगलवार को सायंकाल आई धूल भरी आंधी एवं बारिश ने जमकर तबाही मचाई। आंधी एवं बारिश से किसान चिंता में डूब गए हैं। मंगलवार को सायंकाल 2 बार आई धूल भरी तेज आंधी से जहां खेतों में कटी पड़ी गेहूं, सरसों की फसल उड़कर दूर-दूर तक बिखर गई। वहीं टीनशेड एवं छप्पर रखकर किसी तरह गरीबी में जीवन यापन कर रहे ग्रामीणों एवं दुकानदारों का भारी नुकसान हुआ है। कृषकों का कहना है कि पहले गेहूं की बालियां निकालने के समय आंधी और बारिश ने तबाही मचाकर गेहूं, सरसों, आलू, मटर की फसल चौपट कर दी। जो थोड़ी बहुत कसर बची थी उसको आंधी-तूफान, बारिश फिर से चौपट करने में जुटी हुई है, यदि यही हाल रहा तो गेहूं की फसल घर नहीं आ पाएगी।

### तीन लोगों ने एक युवक को पीटा, हालत गंभीर

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के गांव सराय महमूद निवासी एक युवक को मोहनपुर मजरे लोदीपुर निवासी तीन युवकों ने सोमवार को दोपहर बाद हरीपुर मिरदहा गांव के पास स्थित एक ईंट भट्ठे के निकट मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर तीन नामजद युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़ित के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### पांच साल तक किया शारीरिक शोषण, अब शादी से इंकार

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ सरेनी क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर का निवासी एक युवक विगत पांच वर्षों से उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। युवती द्वारा शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी और उसके परिजन शादी से मुकर गए। पीड़िता ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि सरेनी क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी सुजीत पुत्र भंडारी उसकी दूर की रिश्तेदारी में आता है। सुजीत विगत पांच वर्षों से उसे शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। इस दौरान वह पीड़िता को अपने घर भी ले गया और दस दिन तक अपने घर में पति पत्नी की तरह रखा। उसके परिजन भी शादी करने को तैयार थे। अब उसने शादी करने का दबाव बनाया तो सुजीत और उसके परिजन शादी करने से मुकर गए है और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र की जांच की जा रही है। वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**अमेठी।** कांग्रेस पार्टी ने अपने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों को जिला कांग्रेस कमेटी अमेठी अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के निर्देश पर ब्लाकों का दौरा किया। खबर मिलते ही कांग्रेस नेताओ ने ब्लाक अध्यक्षो का अभिनन्दन स्वागत किया। तो वहीं ब्लाक भेटुआ में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिले के ब्लाक कांग्रेस कमेटी भेटुआ की समीक्षा बैठक की गई। जिसमे ब्लाक कांग्रेस कमेटी भेटुआ के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष अजित कुमार यादव का अभिनन्दन स्वागत किया गया। बैठक में जानकारी ब्लाक अध्यक्ष श्री यादव ने दी। बूथ, ग्राम, न्याय पंचायत, मण्डल के अध्यक्षो की समीक्षा हुई। जमीनी कार्यकर्ताओ को पार्टी अवसर देगी। एकल पद की पार्टी मे पालन होगा।

### पूर्व प्रधान का निधन, शोक

**सेमरी,अमृत विचार।** खीरों विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत खरगापुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान नेकेलाल सविता का निधन हो गया। शोक संवेदना जताने वाले लोगों का दिन भर तांता लगा रहा। पूर्व प्रधान नेकेलाल सविता काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे बीती रात सोमवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र व उनके करीबी जनो में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर दुख व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानो ने शोक जताया। वही उनकी पत्नी,बेटा रावेन्द्र कुमार व परिवारिक जनो का रो रो कर बुरा हाल है।

## 25 गांरटियों के माध्यम से देश की तस्वीर बदलेगी कांग्रेस

संवाददाता, रायबरेली


कांग्रेस कार्यालय में न्याय पत्र दिखाते कांग्रेसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चुनाव को लेकर कांग्रेस द्वारा घोषणा पत्र जारी किया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने कार्यालय स्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस लोकसभा चुनाव में पांच न्याय के तहत 25 गांरटियों के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का संकल्प लेती है। उन्होंने कहा कि यूपी और केंद्र सरकार ने सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक और संवैधानिक तानेबाने को तहस-नहस कर दिया है। महिलाओं को सुरक्षा के भाव से और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समृद्धि से वंचित कर दिया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के इस अन्याय को खत्म कर इंडिया गठबंधन के न्याय का राज्य स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी जातीय जनगणना कराएगी तथा एससी-एसटी एवं ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर भर्ती करेगी साथ ही संविदा कर्मियों का नियमितीकरण करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने दस हजार किलोमीटर अधिक चलने के दौरान देश और समाज के प्रत्येक वर्ग से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानी और उन आकांक्षाओं के अनुरूप कांग्रेस ने घोषणा पत्र देश की जनता के लिए तैयार किया गया है जिसका नाम न्याय पत्र दिया गया है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, कोआर्डीनेटर इंदल कुमार, शैलजा सिंह, मोहित मौर्या, अम्बरीश बाजपेयी, आयुष द्विवेदी, ओम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### ध्यान भटकाना चाहती है सरकार

अमेठी सांसद स्मृति इरानी द्वारा राहुल गांधी पर उठाए गए वायनाड में पीएफआई से मदद लेने के मुद्दे के सवाल का जवाब देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि देश में महंगाई को आग में झोंकने वाली सरकार मुद्दे से ध्यान भटकाना चाहती है।

## मतदान कार्मिकों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी शिशिर सक्सेना द्वारा किया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, मतदान अधिकारी द्वितीय व मतदान अधिकारी तृतीय का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने बताया कि रेंडमाइजेशन के उपरांत सभी कार्मिकों के ड्यूटी आर्डर जारी किए जाएंगे। बताते चलें कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण 22 से 24 अप्रैल तक पूर्वाहन 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक एवं अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद के मनीषी महिला महाविद्यालय एवं इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज में दिया जाएगा।

## उम्र 18 पूरी है, मतदान मेरा जरूरी है स्लोगन के साथ किया जागरूक

**जायस, अमेठी।** जैसे-जैसे चुनाव का दौर पास आ रहा है स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रशासन भी युवाओं को मतदान के लिए जागरूक करने में जुट गया है। मतदान 18 वर्ष से ऊपर आयु के प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार होने के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। इसी कड़ी में खंड शिक्षा कार्यालय बहादुरपुर में आने वाले परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने बीआरसी कार्यालय से मतदान के लिए जागरूक करने के लिए मंगलवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया।

बाइक रैली को बीआरसी से खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सचान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में चल रहे शिक्षकों ने मतदान करने की अपील की। बाइक जायस क़स्बा होते हुए मुख्य बाजार से मोलवीकला होकर पुनः बीआरसी पहुंचकर समाप्त हुई।

खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि इस बार वोटिग प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्गत विभिन्न आदेशों, निर्देशों के क्रम में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड बहादुरपुर में मतदाता जागरूकता बाइक रैली का आयोजन बीआरसी बहादुरपुर से जायस होते हुए मौलवी कला तक किया गया था। यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरपुर राकेश कुमार सचान के नेतृत्व में व एआरपी वीरेश प्रताप यादव, अमरेश प्रताप सिंह, एवं रफीक अहमद आदि के सहयोग से संपन्न हुआ।

## युवती ने पड़ोसी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**बाजारशुक्ल, अमेठी।** थाना क्षेत्र के तेतारपुर गांव की रहने वाली एक युवती ने पड़ोसी युवक पर डरा धमका कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए बाजारशुक्ल थाने में मंगलवार को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तेतारपुर गांव में रहने वाली एक युवती ने पड़ोस में रहने वाले सलमान पुत्र कुर्बान निवासी तेतारपुर के विरुद्ध दी गई तहरीर में बताया कि 8 अप्रैल की रात को वह घर में अकेली थी। उस समय आरोपी सलमान उसके घर में घुसा और डरा धमका कर उसके साथ दुष्कर्म किया। तहरीर में लिखा है कि आरोपी ने घटनाक्रम के बारे में किसी को बताने पर उसको जान से मारने की धमकी दी थी।

## सोशल मीडिया पर युवती के साथ युवक कर रहा अश्लीलता

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर क्षेत्र की एक युवती से संपर्क करके युवक ने उसका जीना दुश्वार कर दिया है। युवक ने पहले उससे दोस्ती का प्रस्ताव किया, जब युवती ने इंकार किया तो उसका सोशल मीडिया एकाउंट हैक करके उसके परिजनों और रिश्तेदारों को अश्लील मैसेज करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

क्षेत्र के गांव गगौली निवासी युवती का कहना है कि उसके सोशल मीडिया एकाउंट फेसबुक पर एक युवक ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। उसने मैसेंजर में उससे दोस्ती का प्रस्ताव किया। युवती ने उसका प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो उसने युवती को अश्लील मैसेज और अश्लील वीडियो आदि भेजना शुरू कर दिया। यही नहीं युवक ने उसका सोशल मीडिया अकाउंट हैक करके उससे युवती के परिजनों और रिश्तेदारों को भी मैसेज करना शुरू कर दिया, जिससे युवती की काफी बदनामी हो रही है। परेशान होकर युवती मंगलवार को कोतवाली पहुंची और मामले की तहरीर दी है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का मना वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा लालगंज में आयोजित वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में पहुंचे सह प्रांत कार्यवाह संजय सिंह ने कहा कि संघ के लिए चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विशेष दिन है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म एक अप्रैल 1889 को हुआ था। वह देशभक्त के साथ ही महान क्रांतिकारी भी थे। सह प्रांत कार्यवाह ने बताया कि भारतीय कैलेंडर विश्व की सबसे प्राचीन कालगणना है, जो लगभग दो अरब वर्ष पूर्व ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना के साथ प्रारंभ हुआ उसी कैलेण्डर को पंचांग नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखाओं के माध्यम से जहां कार्यकर्ता का निर्माण करता है। वहीं संघ समाज और राष्ट्र को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। संघ स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। 2025 में संघ शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार को आद्य संघ चालक प्रणाम भी किया। प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर बृजेश, ओम नारायण, उधम जायसवाल, इंद्रेश सिंह, सतीश त्रिवेदी, अशोक गुप्ता, अनूप पांडे, निरलेश सिंह, मेजर दीक्षित आदि स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## नव वर्ष की संध्या पर कवियों ने बिखेरा जलवा

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** भारतीय नव वर्ष की पूर्व संध्या पर श्री नव संवत्सर आयोजन समिति के पदाधिकारीयो द्वारा 13वां विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवि सम्मेलन में दूर-दराज से आए कवियों ने अपने-अपने अंदाज में लोगों को हंसाया। वहीं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सुल्तानपुर के विभाग प्रचारक श्री प्रकाश संबोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि का प्रारंभ भगवान राम का राज्याभिषेक सिंधी समाज के प्रमुख संत झूलेलाल महाराज का अवतरण दिवस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक हिंदू राष्ट्र के इरादक परम पूज्य डॉक्टर केशोराव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिवस है।

इस दिन को हम सभी सनातनी भारतीय हिंदू नव वर्ष के रूप में मानते हैं और सहविभाग प्रचारक ओम प्रकाश जगदीशपुर जिला प्रचारक ऋषभ को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जीएसटी कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। आयोजन समिति के पदाधिकारी अतुल सिंह ने कहा कि इसी दिन के सूर्योदय से ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की। सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित किया। उन्हीं के नाम पर विक्रम संवत का पहला दिन प्रारंभ होता है। वही कार्यक्रम के आयोजक राहुल कौशल विद्यार्थी ने कहा कि प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दिन यही है। शक्ति और भक्ति के 9 दिन अर्थात नवरात्र का पहला दिन यही है। सिखों के द्वितीय गुरु श्री अंगद देव जी का जन्म दिवस है। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने इसी दिन और समाज की स्थापना की एवं कृणवंतो विश्वमआर्यम का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन बलराम अग्रहरि ने किया।

चेट्री चन्द्र पूज्य भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव
की समस्त शहरवासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं
न्यू सिन्ध मेडिकल स्टोर
रेलवे स्टेशन रोड एवं
सिन्ध मेडिकल एजेन्सी
मधुबन के पास, रायबरेली
प्रो. भीमसेन राजपाल, महेश राजपाल

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
सूचित हो कि मैं **विकास यादव पुत्र लाल जी, निवासी–142, ग्राम–मिश्रपुर, पोस्ट–गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ** (उ0प्र0)–226026, मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या– UP32A20089003969 में त्रुटिवश मेरा नाम Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav दर्ज हैं जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम विकास यादव Vikas Yadav / Vikas Kuamr व पिता का नाम Lal Ji/ L.J. Yadav एक ही पिता/पुत्र के नाम हैं। अतः मेरे ड्रांईविंग लाईसेंस नं0– UP32A20089003969 में Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav के स्थान पर वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji दर्ज किया जाये।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1778918 वर्ष 2014 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **बबीता यादव पुत्री बैजनाथ यादव, निवासिनी– ग्राम–खरगापुर रानी बाजार, आयोध्या।**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यादव प्रद्युम्मन कुमार पुत्र रामहरख से बदलकर प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव, निवासी– ग्राम– मठिया उर्फ अटकहा, पोस्ट फरदहा, थाना कप्तानगंज, तहसील हाटा, जिला कुशीनगर**

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष–2018 अनुक्रमांक 2320645 अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीती मौर्या पुत्री सूर्यलाल, निवासी– ग्राम– हररैया माथेपुर, पोस्ट– बनकटवा देहात,जनपद– गोंडा, मोबाइल नं– 723486942**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम STUTI के स्थान पर STUTI MISHRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए STUTI MISHRA पुत्री ANIL KUMAR MISHRA निवासी– ग्राम–धरमपुरा पोस्ट–लहुरा देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर –272175



30वां रोजा

इफ्तार : 06 .31 बजे, बुधवार

# घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** माता दुर्गा की विशेष पूजा अर्चना का विशेष पर्व चैत्र नवरात्र की शुरुआत मंगलवार की सुबह घट स्थापना के साथ हुई। घरों से लेकर मंदिरों तक माता रानी की विधिवत पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर माता की आराधना की। नवरात्र में मां दुर्गा के समस्त नौ स्वरूप देवियों की पूजा अर्चना करने का सिलसिला चलता है। मंगलवार को सुबह साधकों ने स्नान आदि करके उपवास रखा। घरों में पूजा अर्चना के बीच कलश स्थापना की। रोली ,सुपारी, पान, मिष्ठान,लौंग आदि से देवी माता की पूजा की और महा आरती का गुणगान किया। इसके बाद भक्तों ने देवी माता के मंदिरों में पहुंचकर माता रानी के श्री चरणों में शीश नवाया और जयकारे लगाकर भक्ति का वातावरण बनाया । शहर के देवी माता के मंदिरों में खासी भीड़ भाड़ रही। प्रमुख रूप से महोलिया स्थित काली माता मंदिर, वैटगंज स्थित मां दुर्गा देवी मंदिर, नुमाइश चौराहा के जय शिवभोले मंदिर, बड़ा चौराहा के बाबा सिद्धनाथ मंदिर, सांडी रोड स्थित श्रवण देवी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ा।



मल्लावां कस्बे में नवरात्रि पर देवी मंदिरों में भक्तों ने माता रानी की पूजा अर्चना की। ऐसे में सुबह से भीड़ देखने को मिली। मंगलवार को नवरात्रि के पहले दिन मान देवी,दुर्गा देवी, गायत्री मंदिर, बुद्धा देवी, फूलमती देवी, कुलदेवी, आशा देवी मंदिर में सुबह से ही विधि विधान से पूजन अर्चन किया। घरों में भी माता रानी की स्थापना कर पूजा अर्चना की गईं।

## एक नजर

### घर में लगी आग से हजारों की नकदी जलकर राख

मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार। चूल्हे की चिंगारी से घर में लगी आग से नगदी समेत गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ऐसे में दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पाया, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गुलाबपुरवा मजरा तेरवाकुल्ली निवासी तुलाराम के घर दोपहर को अचानक चूल्हे की चिंगारी से आग लग गई। आग ने जरा सी देर में विक्राल रूप ले लिया। ज़ब तक ग्रामीणों के साथ आग बुझाते तब तक घर में रखे चार हजार की नगदी और अनाज सहित गृहस्थी का सामान धूं-धूं कर जलने लगा। दमकल विभाग की टीम ज़ब तक पहुंची तब तक देर हो चुकी थी। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन ज़ब तक सब राख हो चुका था।

### नपाप अध्यक्ष ने साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नवरात्र, ईद के त्योहार पर नगर में हो रही साफ सफाई का नगर पालिका अध्यक्ष ने जायजा लिया। परिषद संडीला के अध्यक्ष मो. रईस अंसारी और अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता द्वारा ईदगाह, शीतला मन्दिर, अशराफ टोला मतदान केन्द्र, जामा मस्जिद, अशराफ टोला माकुम कुवां रोड का निरीक्षण किया गया। सड़क की गुणवत्ता को भी परखा। निरीक्षण में सफाई निरीक्षक राजमंगल सिंह, टीएस अनिल प्रकाश आनन्द, इरफान हमीद अंसारी (ताज भाई), लिपिक शिवकुमार, प्रकाश कुमार, संजीव कुमार, चंद्रकांत, हसीब व पालिका का अन्य स्टाफ़ उपस्थित रहा।

### जक्खा देवी मंदिर पर तैनात होमगार्ड की तबियत बिगड़ी

**हरदोई।** रूदामऊ के जक्खा देवी मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात होमगार्ड की अचानक हालत बिगड़ गई। साथी होमगाड़र्स जवान उसे पहले सीएचसी फिर मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां से उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। माधौगंज थाने के क्योटी ख्वाजगीपुर निवासी बसंत लाल (55) होमगार्ड जवान हैं। माधौगंज थाने में उनकी तैनाती है। मंगलवार को बसंत लाल की उसके हमराही होमगार्ड शरद कुमार के साथ रूदामऊ के जक्खा देवी मंदिर पर ड्यूटी लगी थी। उसी बीच शाम को बसंत लाल की बिगड़ गई। साथी होमगार्ड शरद कुमार घबरा गया। उसने पहले थाने सूचना दी,फिर वहां के लोगों की मदद से उसे सीएचसी ले गया,जहां के डाक्टरों ने सीधे मेडिकल कालेज रवाना किया,जहां के डाक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।



### संकटा देवी मंदिर से निकाली गई ज्योति कलश यात्रा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मां कात्यायनी शक्तिपीठ के तत्वावधान में मां संकटा देवी मंदिर से मां कात्यायनी शक्तिपीठ तक ज्योति कलश शोभा यात्रा निकाली गई। नवरात्र के प्रथम दिन मां कात्यानी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज के सानिध्य में माता रानी के भक्तगण मां संकटा देवी मंदिर में एकत्रित हुए। जहां से माता रानी की ज्योति प्रज्वलित कर एवं कलश भरकर ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में मां कात्यायनी शक्तिपीठ के महिला और पुरुष सेवादार मौजूद रहे। ढोल नगाड़े के साथ ज्योति कलश यात्रा खेड़ा गंजहा, चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार होते हुए सीधे मां कात्यायनी शक्तिपीठ पहुंची। यहां पर माता रानी की ज्योति और कलश स्थापित किए गए। पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज ने बताया प्रतिदिन सुबह और शाम को आरती पूजन के साथ माता रानी का जागरण होगा। उन्होंने सभी भक्तगणों से पीठ पर पहुंचकर माता रानी के जागरण में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर अरुण श्रीवास्तव, प्रभारानी श्रीवास्तव, कनिष्ठा चित्रांशी, लक्ष्मी कश्यप, दुर्गावती, मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे। वहीं सण्डीला में नवरात्र के पहले दिन नगर के मुख्य मार्गों पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालु माता रानी के गीतों पर आनंदित दिखे। प्रभातफेरी में जयकारों व देवीगीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शीतला देवी मंदिर में प्रभातफेरी का समापन हुआ। रथ पर सजी माता की झांकी देखने के लिए सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालु मौजूद रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रभातफेरी पर पुष्प वर्षा की गई। रंग गुलाल उड़ाते हुए माता रानी के भक्तों का झूमते गाते समूह बड़ा ही मनोहारी था।

# नव संवत्सर का धार्मिक, ऐतिहासिक व वैज्ञानिक महत्त्व

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया वर्ष प्रतिपदा, बाल विद्या भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया आयोजन

हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के बाल विद्या भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने वर्ष प्रतिपदा हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर संघ के पहले सरसंघचालक डॉ. बलिराम केशवराव हेडगेवार को भी याद किया गया। संघ की पद्धति से सर्वप्रथम आद्य सरसंघचालक को प्रणाम, केशव अर्चना, ध्वजवंदन तथा प्रार्थना हुई।



वर्ष प्रतिपदा समारोह में मौजूद संघ के स्वयंसेवक। अमृत विचार

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह संजीव खरे ने कहा हिंदू नव वर्ष यानी नव संवत्सर का धार्मिक, ऐतिहासिक व वैज्ञानिक महत्त्व है । चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर श्री ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना की गई थी। भवानी आदिशक्ति का प्राक्ट्य हुआ था। भगवान श्रीराम का वनवास पर्यन्त राज्याभिषेक हुआ था। महाराज विक्रमादित्य का राज्याभिषेक हुआ था। ऋतु परिवर्तन इसी समय दृष्टिगोचर होता है। इस तिथि की महत्ता देखते हुए हम सभी हिन्दू भाईयों को मिलकर हर्षोल्लास से यह पर्व मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा डॉ साहब का जन्म आज ही के दिन महाराष्ट्र के नागपुर में एक सुसंकृत परिवार में हुआ. बहुमुखी मेधा के धनी हेडगेवार बचपन से ही धर्म परायण और राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत थे. कलकत्ता से डॉक्टरी की पढ़ाई करने के बाद आर्थिक उपार्जन से स्थान पर राष्ट्रधर्म का रास्ता चुनते हुए विखंडित हिन्दू समाज को एक करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम का एक बीज रोपा जो आज पुष्पित पल्लवित होकर एक वटवृक्ष बन गया है जो देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी हिन्दू धर्म ध्वजा लहरा रहा है। इस अवसर पर नगर संघचालक मिथिलेश शर्मा, नगर कार्यवाह विनय पांडे, सह नगर कार्यवाह राजवर्धन व कुलदीप, नगर शारीरिक प्रमुख अजय, नगर सह सेवा प्रमुख शोभित, नगर प्रचारक विशाल, विभाग संघचालक शिवस्वरूप सिंह, विभाग सम्पर्क प्रमुख राजेश सिंह चौहान, जिला प्रचारक रवि प्रकाश सह जिला प्रचार प्रमुख आकाश श्रीवास्तव, उमापति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने नव संवत्सर पर आयोजित किया कवि सम्मेलन व विचार-गोष्ठी

**हरदोई, अमृत विचार।** नव संवत्सर के अवसर पर सीएसएनपीजी कालेज के सभागार में एक विचार गोष्ठी तथा वृहद कवि सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सण्डीला हरदोई निवासी वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार रुद्र प्रकाश गुप्त 'सरस' को परिषद द्वारा सारस्वत सम्मान' से सम्मानित किया गया। सरस्वती पूजन एवं वाणी- वन्दना के पश्चात् डॉ ब्रम्हस्वरूप पाण्डेय ने वेदमंत्र का वाचन एवं उसकी व्याख्या प्रस्तुत की। श्री गुप्त ने काव्य पाठ किया।

संवत्सर पर बोलते हुए डॉ. ईश्वर चंद्र वर्मा ने बताया कि यह सनातन संस्कृति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों एवं नक्षत्रों का सटीक स्पष्टीकरण है। इसी ज्योतिषीय निर्णय लिए जाते हैं। डॉ ब्रम्हस्वरूप पाण्डेय ने कहा कि संवत्सर गणितीय दृष्टि से सबसे स्पष्ट समय गणना है। डॉ. शीला पाण्डेय, डॉ नरेश चन्द्र शुक्ल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में जनपद के कवि उदयराज सिंह, रोहित विश्वकर्मा, पुनीत शुक्ला, शोभित तोमर, अभिनव, दीक्षित, राज कुमार सिंह 'प्रखर, डॉ. बैरिस्टर सिंह यादव, कौशलेन्द्र सिंह, वेद प्रकाश अवस्थी, गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव व सुशील वर्मा सहित अनेक साहित्यप्रेमी व कवि मौजूद रहे।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पर यज्ञ के साथ शुरू हुई नवरात्र पूजा

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** हिंदू नववर्ष नवसंवत्सर विक्रम संवत की शुरुआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा उदयातिथि के अनुसार मंगलवार को शुरू हो गई है। इसके साथ सौर सृष्टि की सत्ता में भी परिवर्तन हो गया। आकाशीय शासन व्यवस्था राजा मंगल के हाथों में आ गई है। शनि उनके मंत्री के रूप में सृष्टि का कल्याण कर रहे है। इस परिवर्तन के साथ ही सृष्टि निर्माण के 1 अरब 95 करोड़ 58 लाख 85 हजार 125 साल पूरे हो जाएंगे। हिंदू नववर्ष, चैती छठ, नवरात्र और रामनवमी की तैयारी एक साथ शुरू हो गई है। सूर्य उपासना, माता के आगमन और प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव पर होने वाले आयोजन को लेकर देवी मंदिरों व घरों को सजाया-संवार कर पूजा अर्चना शुरू हो गई है। वहीं गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी पर नवरात्र पर विशेष यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया है यज्ञ का संचालन मृदुल कपूर कर रहे हैं। नवरात्र पर मंदिर में शाम कालीन महिला संगीत भी होगा। जिसमें माता के गीतों पर महिलाएं जमकर नृत्य भी करेंगी। इसके साथ ही सिंह वाहिनी मंदिर,शीतला देवी मंदिर ,भूरेश्वर मंदिर ,इच्छापूर्णमंदिर, ज्वाला देवी मंदिर में भी मां दुर्गा की विशेष पूजा आराधना का क्रम शुरू हो गया है।

### कलियुग के 5125 सौर वर्ष पूर्ण

कस्बे के प्रसिद्ध पंडित नरेश चंद्र मिश्र के अनुसार इस परिवर्तन के साथ ही सृष्टि निर्माण के 1 अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार 125 साल पूरे हो जाएंगे। इसके अलावा, कलियुग के आरंभ हुए 5125 सौर वर्ष पूर्ण हो जाएंगे। इस विक्रमी नवसंवत्सर के साथ ही पिंगला शोभकृत नामक शक संवत 1946 भी आरंभ होगा।



छात्रा को पुरस्कृत करतीं प्राचार्य डा. सुमन वर्मा। अमृत विचार

### संस्कृत निबंध प्रतियोगिता बीए तृतीय वर्ष की छात्रा प्रथम

**हरदोई, अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में संस्कृत परिषद् के तत्वावधान में "संस्कृत भाषाया: महत्वम्" पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संस्कृत विभाग की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सिम्पल देवी ने प्रथम स्थान, साम्भवी अग्निहोत्री ने द्वितीय स्थान एवं बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा लकी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी प्रतिभागी छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया। यह कार्यकम संस्कृत विभाग की प्राध्यापिका संत कुमारी के सफल निर्देशन में सम्पन हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मण्डल की भूमिका महाविद्यालय की प्रोफेसर उमा रानी श्रीवास्तव, प्राध्यापिका नीता आर्या एवं सन्त कुमारी ने निभाई। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर महाविद्यालय कि सभी प्राध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

### ईद के मेले में बच्चों ने जमकर लिया आनंद

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों के लिए ईद पर खेल-खिलौने और तमाम खाने-पीने की दुकानों का मेला लगता है। उसी मेले में ईद की खुशियों को साझा करने के लिए बच्चों में उतावला पन देखा जा सकता है। उसी बीच ईनाम की आड़ में उन भोले-भाले बच्चों को लूटने में कंगारू गैंग सबसे आगे रहता है। इस्लाम गंज में लगने वाले ईद के मेले का आगाज़ होते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। लगभग इस अवैध जुएं के एक दर्जन कंगारू के फड़ भी लगते हैं जो बेहद ही गंभीर है इससे वहां के लोगों में काफी नाराज़गी रहती है। छोटे-छोटे बच्चे जो घर से पैसे लेकर मेला देखने आते हैं, उन्हें कंगारू गैंग के लोग इनाम का लालच देकर ठग लेते हैं। बता दें कि कंगारू एक तरह से जुएं का ही बदला हुआ स्वरूप है, लोगों ने स्थानीय पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस बार बाज़ार में मेले में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए।

कथा | महाराज सिंह पार्क में श्री राम कथा की हुई शुरुआत

# समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं संत

हरदोई

**अमृत विचार।** सुंदरकांड सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में शहर के महाराज सिंह पार्क में आयोजित नौ दिवसीय राम कथा का शुभारम्भ सोमवार को हुआ। इस अवसर पर समिति द्वारा गाजे बाजे के साथ शहर के विभिन्न स्थानों से कलश यात्रा निकाली गई। नौ दिवसीय आयोजित होने वाली श्री राम कथा के कथा व्यास अंजनि शरण महाराज जी के श्री मुख से श्री राम कथा को सुनकर भक्तगण भाव विह्वल हो उठे।

कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास श्री शरण ने संतों के स्वभाव व उनकी संगति के प्रतिफल के विषय में बताया। उन्होंने रामकथा की महिमा का वर्णन किया। इसी क्रम में सत्संग की महत्ता बताते हुए महराज जी ने कहा कि कैसे एक पल के सत्संग के प्रभाव से रत्नाकर तामसी प्रवृत्ति को त्याग कर राम नाम के बल से परम सन्त बन गए । महाराज जी ने कहा कि संत का हृदय नवनीत के समान होता है। हर वह व्यक्ति संत है जो सरल, सहज व निष्कपट है। संत जहां भी होते हैं वहां जन कल्याण व राष्ट्र कल्याण का ही चिंतन करते हैं। सज्जनों की संगति व्यक्ति को श्रेष्ठ पद प्राप्त होता है। पुष्प की संगति करता हुआ कीट भी देवताओं के शीश पर स्थान प्राप्त है, इसलिए व्यक्ति को सदैव सज्जनो की संगति करनी चाहिए। संतों का स्वभाव सरल होता है। विपरीत आचरण करने वाले व्यक्ति भी उसी प्रकार संतों के आचरण में नकारात्मक गुण उत्पन्न नहीं कर सकते। जैसे विषधर की संगति से चंदन का वृक्ष अपनी शीतलता का त्याग नहीं करता है ।कथा में आयोजक संतोष मिश्र, शिव कुमार पांडेय, मुरारी लाल पाठक, अजीत शुक्ल, अवधेश शुक्ल, विपुल मिश्र व मनीष शुक्ला आदि रहे।



कथा व्यास अंजनि शरण।

### भागवत कथा आज से

**मल्लावां।** कस्बे के गौरी शंकर मंदिर श्यामपुर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ बुधवार से होगा। जिसमें आचार्य जितेन्द्र कृष्ण मिश्र अपने मुखारबिन्दु से भगवान की सुंदर कथा का रसपान करेंगे। भागवत कथा 16 अप्रैल तक प्रात: आठ बजे से 12 बजे तक और सायं को छह बजे होंगी। समापन 17 अप्रैल को हवन और भंडारे के साथ किया जाएगा।


VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए नि:शुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेंस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

# हरदोई से हरियाणा तक विकास की गंगा बहाने का दावा कर जीते थे चांदराम

## चुनावों के समय जनता को बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाकर बरगलाने का तरीका है बहुत पुराना

रामप्रकाश राठौर, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** चुनावों के समय विकास की गंगा बहाने का जुमला नया नहीं है। सांसद से लेकर गांव की प्रधानी तक विकास की गंगा बहाने के बड़े-बड़े सब्जबाग दिखाने और दावे करने का सिलसिला काफी पुराना है। इसी जुमले के सहारे हरियाणा के चांदराम हरदोई संसदीय सीट से जीत हासिल कर संसद तक पहुंचे थे।

हरदोई संसदीय सीट पर जनता दल के टिकट से चुनाव लड़ने आए चांदराम ने हरदोई से हरियाणा तक विकास की गंगा बहा देने का दावा किया। आश्वासन की इस गंगा में हरदोई के लोग बह गए और उन्होंने आंख मूंद कर चांद राम को अपना सांसद चुन लिया। एक वर्ष सरकार चली। यह अलग बात है कि सांसद ने पूरे साल हरदोई को अपने दर्शन नहीं दिए। हरदोई संसदीय सीट पर पहले चुनाव वर्ष 1952 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में स्वर्गीय छेदा लाल गुप्ता ने विजय पताका फहराई थी। उस वक्त बड़े-बड़े वादे करना, सब्जबाग दिखाना और आश्वासनों के पहाड़ लगा देना शायद प्रत्याशियों के लिए संभव नहीं था। उसे वक्त मूल्य की राजनीति पर सियासत के लोग विश्वास करते थे।



पूर्व सांसद चांदराम।

**हरियाणा की सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे थे चांदराम**

लेकिन चांदराम के झांसे में आकर हरदोई की जनता ने उन्हें अपना सांसद चुन लिया था।

वर्ष 1990 में हरदोई से सांसद रहे परमाई लाल हरियाणा के रोहतक से हरदोई के लिए एक चांद का टुकड़ा लाए थे जिन्हें चांदराम के नाम से जाना जाता था। जनता दल ने उन्हें अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा। उस वक्त तक कांग्रेस की छवि को जनता थोड़ी धूमिल होने लगी थी। विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कांग्रेस से अलग होकर जनता दल के नाम से गठबंधन बनाया था, और इसी गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में हरियाणा के चांदराम हरदोई पहुंचे और उन्होंने जनता दल के चुनाव निशान चक्र से विजय पताका फहराई। चुनाव के दौरान चांदराम ने हर मंच पर हरदोई से लेकर हरियाणा तक विकास की गंगा बहाने का संकल्प लिया था। हरदोई की जनता ने भी हरदोई से हरियाणा तक विकास की गंगा में डुबकी लगाने का सपना देखकर उन्हें अपना सांसद चुन लिया। सांसद चुनने के बाद शायद ही चांदराम हरदोई पहुंचे हो, लेकिन उनके भाग्य में हरदोई से सांसद रहना केवल एक साल ही लिखा था। एक वर्ष बाद सरकार गिर गई और वर्ष 1991 में यहां पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना कब्जा कर लिया। जयप्रकाश रावत ने सांसद के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वर्ष 2024 के चुनाव में भी जयप्रकाश रावत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हैं और निवर्तमान सांसद भी। समाजवादी पार्टी ने पूर्व सांसद और प्रदेश सरकार में बाल विकास मंत्री रह चुकी उषा वर्मा को प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा है, हालांकि अभी तक बहुजन समाज पार्टी की ओर से किसी भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

### हरियाणा के रोहतक जिले के थे चांदराम

हरदोई से जनता दल की टिकट पर सांसद रहे चांदराम हरियाणा प्रदेश के रोहतक जिले से आते थे। उन्हें हरियाणा की झज्जर विधानसभा से विधायक चुना गया और वह 24 मार्च 1967 से लेकर 2 नवंबर 1967 तक हरियाणा सरकार में डिप्टी चीफ मिनिस्टर भी रहे हैं।

### हरदोई ने पहली बार चुना दूसरे प्रदेश का सांसद

हरदोई संसदीय सीट पर हरदोई की जनता ने 1990 में पहली बार दूसरे प्रदेश के रहने वाले चांदराम को चुनकर संसद भेजा। हरदोई के संसदीय इतिहास में दूसरे प्रदेश का रहने वाला कभी हरदोई चुनाव लड़ने के लिए नहीं आया, लेकिन चांदराम ने पहली बार चुनाव लड़कर और पहली बार जीत कर हरदोई का इतिहास बदल दिया। हालांकि नई पीढ़ी चांदराम के नाम से शायद ही अवगत हो।

## एक नजर

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवक घायल

मल्लावां (हरदोई)। गोसवा गांव के पास दो बाइको की जोरदार भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएससी मल्लावां में भर्ती कराया गया। मल्लावा-संडीला मार्ग पर गोसवा पावर हाउस के सामने बाइक सवार राजीव उर्फ छोटे (27) और वेद प्रकाश त्रिपाठी (25) निवासी गोसवा मल्लावां की ओर आ रहे थे। सामने से आ रहे बाइक सवार नासिर (30) निवासी खंदरिया की बाइक से राजीव की बाइक टकरा गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों द्वारा एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्लावां में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### अपहरण का नाटक करने वाला युवक साथियों सहित भेजा गया जेल

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। क्षेत्र के मोहल्ला दिलावरपुर निवासी नीट की कोचिंग कर रहे किशोर ने ऑनलाइन गेम में एक लाख 80 हजार रुपए हारने के बाद अपने दो साथियों के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रची और परिजनों से पांच लाख की फिरौती मांग कर पुलिस सहित सभी को हैरत में डाल दिया। शाहजहांपुर पुलिस ने कथित अपहृत किशोर को नगरिया मोड़ स्थित ढाबे से बरामद कर सारी साजिश का पर्दाफाश कर दिया। किशोर के बयान के आधार पर कोतवाली पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला खेड़ा बीबीजई निवासी उसके दोनों साथियों को गिरफ्तार कर लिया। कथित अपहृत किशोर को शाहजहांपुर पुलिस ने बरामदगी के बाद कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। जहां से तीनों को जेल भेजा गया है। शाहाबाद के मोहल्ला दिलावरपुर निवासी सगीर खां पुत्र जमीर हसन का 17 वर्षीय भतीजा आरिज पुत्र अनीस रविवार को शाहजहांपुर नीट की कोचिंग पढ़ने गया था। दिन में आरिज के मोबाइल से उसके चाचा के पास अपहरण कर लिए जाने का फोन आया और उसे छोड़ने के बदले में पांच लाख की फिरौती की मांग की गई।

# मतदाता जागरूकता की लगेंगी होर्डिंग

## शिक्षा विभाग के मतदान कार्मिकों को फॉर्म 12 व 12 ए उपलब्ध कराएं

हरदोई

**अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारियों व पूर्ति निरीक्षकों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पेट्रोल पम्पों पर मतदाता जागरूकता से सम्बंधित होर्डिंग लगवाई जाएं। गैस सिलेंडरों पर स्टिकर लगवाए जाएं। सभी कोटेदार राशन की दुकानों के बाहर होर्डिंग लगवाई जाएं। कोटेदारों की रैली निकलवाई जाये।

खण्ड शिक्षा अधिकारियों को उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान ड्यूटी में लगे सभी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों को फॉर्म 12 व फॉर्म 12 ए उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि इन फार्मों के बारे में पूर्ण जानकारी रखें तथा कार्मिकों को भी बतायें। उन्होंने विस्तार से इन फार्मों के बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बताया। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में मतदाताओं को शपथ दिलायी जाये व फोटो ग्रुप में भेजी जाएं। बूथ अवेयरनेस ग्रुप में शिक्षकों को सक्रिय किया जाये। इस ग्रुप के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाये। पूर्व में सबसे कम मतदान वाले मतदान केन्द्रो पर विशेष ध्यान दिया जाये। सभी लोग वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप अवश्य डाऊनलोड कर लें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंद किशोर, जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डीएम की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक दलों की बैठक

हरदोई, अमृत विचार। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 50 ईवीएम कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए चिन्हित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को एनआईसी कक्ष में ईवीएम के रैण्डमाइजेशन के दौरान जिलाध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहें। ईवीएम की सार्टिंग के समय प्रतिनिधिगण उपस्थित रहें। उन्होंने बताया कि प्रति परिवार एक वोटर गाइड दी जाएगी तथा मतदाता पर्ची प्रत्येक मतदाता को दी जाएगी। इनका वितरण 7 मई तक करा दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय को निर्देश दिए कि इपिक वितरण की सूचना राजनैतिक दलों को उपलब्ध करायी जाये। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के प्रश्नों का जिलाधिकारी ने समाधान किया। उन्होंने नामांकन की तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जुलूस बिना अनुमति न निकाला जाये। कार्यक्रमों की अनुमति अधिक से अधिक ऑनलाइन ली जाये। अनुमति पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



### मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों ने दिया प्रशिक्षण, डीएम ने किया संवाद

हरदोई, अमृत विचार। जीडीसी में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कार्मिकों से सीधा संवाद किया। जिलाधिकारी ने कार्मिकों से कहा कि भली भांति प्रशिक्षण प्राप्त कर लें ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान कोई कठिनाई न आये। उन्होंने कार्मिकों को फॉर्म 12 व 12 ए के बारे में बताते हुए कहा कि यदि किसी कार्मिक की ड्यूटी अपनी लोकसभा के अंदर लगी हो तो उसे फॉर्म 12 ए भरकर जमा करना है और यदि किसी कार्मिक की ड्यूटी अपनी लोकसभा के बाहर लगी है तो उसे फॉर्म 12 भरना है। ऐसी दशा में उस कार्मिक को पोस्टल बैलट से मतदान करना है। उन्होंने सभी कार्मिकों को फॉर्म 12 व 12 ए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत कार्मिकों का 20 प्रश्नों का टेस्ट लिया जायेगा। मानक से कम अंक प्राप्त करने पर पुन: प्रशिक्षण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### डीएम ने परखी बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बावन तथा प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भिठारी में बनाये गये बूथों का निरीक्षण किया तथा विद्यालय में उपस्थित बच्चों से शिक्षा और अपरान्ह भोजन की गुणवत्ता के बारे में जाना। बूथों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि मतदान के विद्यालय में बिजली, पानी, रैम्प, पेयजल एवं छाया आदि की समुचित व्यवस्था रहे। शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया।

### स्ट्रांग रूम तैयार करने में सुरक्षा का रखें ध्यान

हरदोई, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में स्ट्रांग रूम व मतगणना केन्द्र की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मंडी परिसर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की सभी तैयारियां ससमय पूर्ण कर ली जाएं। बॉक्सों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाये। स्ट्रांग रूम तैयार करने में सुरक्षा के मानकों का पूरा ध्यान रखा जाये। दुकानों की विधानसभा वार नंबरिंग करायी जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करें शिक्षक व कर्मचारी

हरदोई

**अमृत विचार।** स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक बावन परिसर से आयोजित ब्लाक एवं शिक्षा विभाग कर्मचारियों की विशाल रैली को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वच्छ एवं मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए सभी लोग मतदान अवश्य करें और मतदान करने के प्रति अन्य लोगों को भी प्रेरित करें।

कहा कि जनपद का मान बढ़ाने के लिए समस्त युवक, युवतियां, महिलायें एवं पुरूष 13 मई को अपने-अपने घरों से निकल कर बूथ पर जाएं और मतदान जरूर करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलायी और आयोजित बाइक एवं स्कूटी रैली को ब्लाक परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली ब्लाक परिसर से प्रारम्भ होकर जगदीशपुर, तेरिया, बघुरा, सकरा व नेवरादेव होते हुए वापस बावन ब्लाक परिसर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर डीडी कृषि डा0 नन्द किशोर, बीडीओ राम प्रकाश वर्मा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## सार-संक्षेप

### शराब के लती चार बेटियों के पिता ने की आत्महत्या

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। चार बेटियों के ब्याह की चिंता और अपनी शराब की लत से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। टड़ियावां थाने के उनौती निवासी रामशंकर कश्यप (40) मज़दूरी कर पत्नी, चार बेटियों और इकलौते बेटे का पेट पाल रहा था। रामशंकर को शराब पीने की ऐसी लत लगी कि वह दिन-दिन भर नशे में रहने लगा। मंगलवार की भोर पहर उसके गांव से कुछ दूर पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। लोगों के पहुंचने पर शव की शिनाख्त रामशंकर के रूप में की गई। पहुंची पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए इस बारे में पूछताछ की। ग्रामीणों के अनुसार चार बेटियों के ब्याह की चिंता और शराब की लत से परेशान होकर रामशंकर ने आत्महत्या कर ली। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह का कहना है शव का पोस्टमार्टम कराया गया है,उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अधिवक्ता ने लगाया गाली-गलौज का आरोप

शाहाबाद हरदोई, अमृत विचार। तहसील में वकालत करने वाले एक अधिवक्ता ने दूसरे अधिवक्ता पर मुकदमे में पैरवी न करने की धमकी देते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद तहसील में वकालत कर रहे अधिवक्ता लालाराम गुप्ता ने बताया उनकी मुवक्किल अलका सिंह निवासी कपूरपुर का एक मुकदमा तहसीलदार न्यायालय में विचाराधीन है। सोमवार की मुकदमे की पेशी थी। इसी मुकदमे में वादी के अधिवक्ता संत कुमार सिंह उर्फ प्रभु जी निवासी मोहल्ला खत्ता जमाल खां हैं। पेशी के दौरान विपक्षी अधिवक्ता ने उन्हें मुकदमे में पैरवी न करने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर मारपीट की और धमकाते हुए हरदोई न जाने की चेतावनी दी।

### महिला ने लाखों के जेवर चोरी का लगाया आरोप

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां निवासी महिला ने तीन आरोपियों सहित पांच लोगों पर घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मगियावां के मजरा ररुआ निवासी छोटी बिटिया पत्नी छोटे सिंह ने बताया कि रविवार की देर रात में थाना पचदेवरा क्षेत्र के ग्राम सठौली निवासी सतेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह ने गांव निवासी विराग सिंह व दो अज्ञात लोगों के साथ मिलकर उसके घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। जिनकी कीमत अनुमानित लागत पांच लाख रुपए होगी। सुबह जब वह घर गई तो बक्से के ताले टूटे पड़े थे और सभी जेवरात गायब थे। उसने उक्त आरोपियों को रात में 10 बजे अपने घर के पास घूमते देखा था।



लखनऊ-पलिया हाई-वे पर खाई में पलटी बस। अमृत विचार

### निजी बस खाई में पलटी, दर्जन भर सवारियां घायल

हरदोई। सवारियां ले कर दिल्ली जा रही डबल डेकर निजी बस लखनऊ-पलिया हाई-वे पर दूसरी गाड़ी को साइड देते हुए खाईं में जा पलटी। बस के पलटते ही सवारियों की चीख-पुकार सुन कर आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े,जिन्होंने बस में फंसी हुईं सवारियों को किसी तरह बाहर निकाला,उसके बाद वहा.पहुंची पुलिस ने उन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया। मंगलवार की शाम को कोंथावा से सवारी ले कर दिल्ली के लिए रवाना हुई निजी डबल डेकर बस नंबर यूपी-23/टी/8216 लखनऊ-पलिया हाई-वे पर सुरसा थान के पचकोहरा तिराहे पर पहुंची,उसी बीच दूसरी गाड़ी को साइड देने में एका-एक खाईं में पलट गई। बस की सवारियों की चीख-पुकार सुन कर वहां आस-पड़ोस के लोग दौड़ पड़े। उन्होनें बस में फंसी हुईं वर्षा पुत्री राकेश,कैफ पुत्र फरहत करीब एक दर्जन ज़ख्मी हुईं सवारियों को बाहर निकाला। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने सवारियों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। हाई-वे पर हुए हादसे के बाद एम्बुलेंस-108 पर कॉल की गई, लेकिन तकरीबन 40 मिनट तक एंबुलेंस नहीं पहुंची। घायल सवारियां ज़मीन पर तड़प रहीं थी। इसके बाद पुलिस ने निजी गाड़ी से घायलों को मेडिकल कॉलेज के लिए भेजा।

## लेखपाल सहित दो लोगों के मकानों से लाखों की चोरी

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** चोरों ने फिर एक बार पुलिस को खुली चुनौती देते हुए लेखपाल और दूसरे चिट फंड कंपनी के एजेंट के घर में घुसकर 60 हज़ार की नगदी सहित लगभग 10 लाख का सामान चोरी कर लिया।

सोमवार की रात कोतवाली के बरहुआं गांव में लेखपाल सुबोध कुमार के घर में घुसे चोर कमरे में रखे बक्सो से 50 हज़ार नगदी और ज़ेवर चोरी कर ले गए। जानकारी होने पर लेखपाल ने यूपी-112 पर कॉल करते हुए पुलिस को सूचना दी। वहीं दूसरी तरफ सत्यपाल वर्मा उर्फ़ मुन्ना के मकान को भी चोरों ने निशाना बनाकर कमरे में रखी 10 हज़ार की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सत्यपाल एक चिट फंड कंपनी का एजेंट है। सुबह ज़ब उसके बेटे शुभम की आंख खुली,उसने देखा कि दरवाज़ा खुला था। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

# युवती का बाग में लटका मिला शव

माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** माधौगंज थाने में तैनात महिला कांस्टेबल की बहन का शव उनके सरकारी आवास से कुछ दूरी पर फंदे से लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शामली ज़िले के मनट थाना भवन निवासी निक्की राजपूत हरदोई के माधौगंज थाने में कांस्टेबल है। निक्की राजपूत से थाने से कुछ दूर पर स्थित अपने सरकारी आवास में रहती है, उसके साथ उसकी 24 वर्षीय बहन पिंकी रहती थी। हर दिन भोर पहर दोनों बहनें टहलने निकलती थी, लेकिन मंगलवार को महिला कांस्टेबल अकेले घर से निकली। कुछ देर बाद उसने बहन को फोन किया, लेकिन उसकी एक भी कॉल रिसीव नहीं हुई। जिससे निक्की घबरा गई और वापस लौट आई, उसी बीच वहीं पास के एक बाग में पिंकी का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। उसे नीचे उतारकर सीचसी पहुंचाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया। एसएचओ माधौगंज ध्रुव कुमार का कहना है कि मामला आत्महत्या का है,फिर भी गहराई से जांच की जा रही है। पिंकी मानसिक तौर पर बीमार रहती थी,उसी के चलते उसने आत्महत्या की,ऐसा माना जा रहा है।

### जमीन पर टिके थे पैर

महिला कांस्टेबल निक्की राजपूत की बहन पिंकी का शव जिस हालत में देखा गया,उससे मौत के पहलू बड़े उलझे हुए है। एक तो यह कि पिंकी का शव ज़मीन पर टिका हुआ था और दूसरे यह कि दुपट्टे के अलावा उसकी गर्दन में रस्सी भी बंधी हुई थी। लोगों की माने तो इस तरह हुई मौत की कहानी उनके गले नहीं उतर रही है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि सारे मामले की गहराई से जांच की जा रही है।

## जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट से जिला बदर किए गए एक अभियुक्त को उसके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाहपुर इब्नेजयी निवासी राजीव यादव को जिला मजिस्ट्रेट हरदोई द्वारा छह माह के लिए जिला बदर अपराधी घोषित किया गया था, लेकिन अभियुक्त अपने घर पर ही रह रहा था। जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अंगद सिंह ने पुलिस ओम के साथ दबिश देकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बहन की शादी से पहले भाई की हादसे में मौत

हरदोई, अमृत विचार। मौसेरी बहन की शादी की तैयारियां कराने के बाद मौसा के घर से लौट रहा बाइक सवार रास्ते में सड़क हादसे में शिकार हो गया, उसे ज़ख्मी हालत में मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर सुनते ही उसके घर में कोहराम मच गया। टड़ियावा थाने के सखौरा निवासी 18 वर्षीय शिवम पुत्र ब्रम्हा दीन सोमवार को अपने मौसा रामलखन निवासी झंडी पुरवा थाना माधौगज गया था। मौसा रामलखन की पुत्री की 18 अप्रैल को शादी है। शिवम शादी की तैयारी में हाथ बंटाने के लिए गया था। रिश्तेदारी में कार्ड बांटने के बाद उसी दिन शाम को बाइक से अपने घर लौट रहा था। हरदोई-बिलग्राम रोड पर सुरसा थाने के मझिला पुल के पास उसकी बाइक में किसी वाहन ने टक्कर मार दी, शिवम बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया,लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

**सराहनीय** — समाजसेवी व व्यापारी सेठ महेश प्रसाद ने अपने अफसर बेटे के साथ मिलकर शुरू की नि :शुल्क कोचिंग

# शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए की पहल

पिहानी, हरदोई,

**अमृत विचार।** इंसान के सामाजिक विकास के लिए शिक्षा बेहद ज़रूरी है। लेकिन संसाधनों की कमी और माता-पिता के अशिक्षित होने के कारण कई नौनिहाल स्कूल की दहलीज़ तक नहीं पहुंच पाते। आसपास छोटे-मोटे काम कर पेट पालने वाले लोगों के बच्चों को भी स्कूल नसीब नहीं होता है। कस्बे के समाजसेवी व व्यापारी सेठ महेश प्रसाद, उनके बड़े पुत्र डिप्टी कमिश्नर जीएसटी बाराबंकी सेठ विकास कुमार, डा.सेठ विवेक कुमार ने आगे आकर बच्चों के जीवन में शिक्षा का दीप जलाने की कोशिश की है।



बच्चों के साथ कोचिंग संस्थापक। अमृत विचार

क्षेत्र के ग्राम गदनाहिया मिंडा पुरवा मे गरीब बच्चों को नवोदय विद्यालय की निशुल्क कोचिंग सेंटर तीन वर्षों से चल रही है। जिसमें गरीब बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ अन्य सेवा भी प्रदान किए जाते है। लगभग 20 से अधिक गरीब बच्चे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है। कोचिंग सेंटर में पढ़कर तमाम बच्चों ने नवोदय में भी प्रवेश ले चुके हैं।इस सराहनीय कदम की चर्चा क्षेत्र के कोने-कोने में हो रही है। जिसमें गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा, किताब, कलम और समय-समय पर निशुल्क खाद्य पदार्थों का वितरण किया जाता है।इन बच्चों के माता-पिता भी बच्चों को शिक्षा दिए जाने से संतुष्ट हैं।उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल भेज पाना संभव नहीं है। अगर बच्चे पढ़ना लिखना भी सीख पाए तो उनके लिए जीवन की राह आसान होगी।

### नि:शुल्क कोचिंग संस्थान के निर्माण की कहानी

पिहानी। कस्बे के निवासी वर्तमान में बाराबंकी जिले में डिप्टी कमिश्नर जीएसटी विकास कुमार सेठ बताते हैं कि कहीं न कहीं क्षेत्र में जो गरीब बच्चे हैं। उनकी परेशानी हम लोग देखे थे। तो पापा महेश सेठ व छोटे भाई डा. विवेक सेठ के साथ बैठकर प्लानिंग कि अगर क्षेत्र में नि :शुल्क कोचिंग सेंटर की शुरुआत किया जाए तो उन तमाम गरीब बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में बड़ी राहत मिलेगी। हम लोगों ने गांव-गांव में घूम कर उन तमाम बच्चों का सर्वे किया जो कहीं न कहीं शिक्षा क्षेत्र से वंचित होने के कगार पर दिखे। उन की सूची बनाकर अपने कोचिंग में प्रवेश दिया गया ।हम लोग यह नहीं सोचे थे कि इस कार्य में हमें इतनी बड़ी सफलता मिलेगी। मन में आया और उन्होंने यह कार्य शुरू कर दिया। इसी कड़ी में रविवार को नवोदय के नये बैच 'नवोदय सुपर- 20' के लिये शिक्षकों को व्हाइट बोर्ड,मार्कर और लेज़र प्रिंटर भेंट किया ताकि टेस्ट पेपर का फोटो कॉपी निकालकर बच्चों का नियमित रूप से टेस्ट ले सकें।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।

# किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।

पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना

- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका
























**विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | पुरुष | महिलाएं | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| नजीबाबाद | 186699 | 165469 | 19 | 352187 |
| नगीना (सु.) | 185663 | 164416 | 12 | 350091 |
| धामपुर | 161460 | 142520 | 18 | 303998 |
| नहटौर (सु.) | 162497 | 144680 | 04 | 307181 |
| नूरपुर | 172951 | 151912 | 09 | 324872 |

**पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज**

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

## प्रत्याशी प्रोफाइल

### ओम कुमार – भाजपा



भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।



### सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

### मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी



सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।



**लोकतंत्र का पर्व** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुरादाबाद में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली में महिलाओं ने बढ़–चढ़कर भागीदारी की।

# महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

**नागपुर।** नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।



- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार



**मांगा समर्थन** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

# अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

**पीलीभीत ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।



अखिलेश यादव ।

# बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

**नई दिल्ली।** केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।



अनिल एंटनी।



एके एंटनी।

**दलित वोट बैंक** 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

# भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

**लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन**

| वर्ष | भाजपा | बसपा | सपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 2004 | 03 | 05 | 07 | 01 | 01 |
| 200 | 02 | 02 | 10 | 02 | 01 |
| 2014 | 17 | -- | -- | -- | -- |
| 2019 | 15 | 02 | -- | -- | -- |

### विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

### इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

### ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबट्‌र्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजनः ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

## संपादकीय

# मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

# ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा, पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं, पर इस बार मुद्दा ईडी, सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है, जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए, एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई, बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ, रैलियां, सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम, 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है, क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है, जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं, पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है, जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक, 2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है, लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है, समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी, चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो, भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

## प्रसंगवश

# चर्चित समय का इतिहास



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल, म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है, जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी, हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई, पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं, वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है, जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

# लोक, जनसभा, रैली और भीड़



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है, जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है, उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती, भीड़ तालियां बजा सकती है, जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है, लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का, मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है, नारे लगाता है, भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं, किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है, जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है, एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है, भागो और भगदड़ मच गई, दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है, लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है, तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं, असहनशीलता का विस्फोट होना, उत्तरदायित्व का अभाव, सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति, असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है, भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं, भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है, क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा, पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता, तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी, अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है, इसको कई दशक हो चुके हैं, हां, अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

## सोशल फोरम

# जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन, मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश, जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है, वहां मानव ही पूंजी है, मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है, पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं, उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी, पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं, पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त, पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं, डिग्री है, मोबाइल है, खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है, चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं, उसके बाप की हालत देखकर लगता है, इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में, प्रेम करके छिपाने में, घूस लेकर छिपाने में, बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है, बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

**-फेसबुक वॉल से**

# मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू



डॉ. पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना, विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है, परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म, धूल भरी, उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है, परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है, परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं, यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवंतु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, अधर्म का नाश, धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है, परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे, इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

# शिव भी नि:शक्त हैं जिनके बिना



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं, वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं, जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं, "शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली, उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली, अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया, तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं, जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप, भेद, वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती, सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं, ब्राह्मी, वैष्णवी, माहेश्वरी, ऐन्द्री, कौमारी, वाराही, चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई, तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं, मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मुझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

# बदली अयोध्या तो बदल गया सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित

## मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने का दौर भी शुरू हो गया।





सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं। 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

**सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत**

| साल | बसपा | सपा |
|---|---|---|
| 1996 | 4.02 | 3.28 |
| 1998 | 4.67 | 4.93 |
| 1999 | 4.16 | 3.8 |
| 2004 | 5.33 | 4.32 |
| 2009 | 6.17 | 5.8 |
| 2014 | 4.19 | 3.4 |
| 2019 | 3.66 | 2.55 |

# मिलता-जुलता चुनाव चिन्ह बदला जाये : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** लोकसभा सीट बिजनौर में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में वितरित किये जा रहें बैलेट पेपर की डमी पर रालोद ने ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। रालोद ने निर्वाचन आयोग से चुनाव चिन्ह हैंडपंप के ऊपर मिलता जुलता गैस सिलेंडर में पाइप चुनाव निशान का क्रम या चुनाव चिन्ह बदलने की मांग की गई है ।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान कराने सम्बन्धित ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे हेतु बैलेट पेपर द्वारा जनमत भारत में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर जय समता पार्टी के चुनाव निशान गैस सिलेंडर, ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है। उक्त सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोकसभा बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-तीन के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने व चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाने की मांग की है।

**मांग**

- **लोकसभा सीट बिजनौर में गैस सिलेंडर में निकले पाइप को लेकर आयोग को रालोद ने सौंपा ज्ञापन**

# नारी शक्ति का 'वंदन' नहीं दिख रहा चुनाव में

## पहले व दूसरे चरण के चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या कम, ज्यादातर दलों ने दी पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक दलों ने महिला प्रत्याशियों को टिकट देने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई है। पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों पर उतारे गये प्रत्याशियों में महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल चार है। ज्यादातर सीटों पर दलों ने जातीय व क्षेत्रीय आधार पर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है, पर तकनीकी वजहों से फिलहाल अभी यह लागू नहीं हो पाया है, पर महिलाओं में यह उम्मीद थी कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल महिलाओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि दिखाएंगे, पर किसी दल से ऐसा नहीं किया। ज्यादातर सीटों पर पुरूष प्रत्याशी लोकसभा में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

### पहले चरण की सीटें

रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना



**रामपुर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- घनश्याम सिंह लोधी
सपा- मोहिबुल्लाह नदवी
बसपा- जीशान खां

**सहारनपुर सीट के प्रत्याशी**
बसपा- माजिद अली
कांग्रेस-इमरान मसूद
भाजपा-राघव लखन लाल शर्मा

**पीलीभीत सीट के प्रत्याशी**
भाजपा-जितिन प्रसाद
सपा-भगवत शरण गंगवार

**मुरादाबाद सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सर्वेश सिंह
सपा- रूचि वीरा
बसपा- इरफान सैफी

**नगीना सीट के प्रत्याशी**
बसपा- सुरेंद्र पाल सिंह
भाजपा- ओम कुमार
सपा- मनोज कुमार

**बिजनौर सीट के प्रत्याशी**
राष्ट्रीय लोकदल- चंदन चौहान
सपा-दीपक
बसपा-विजेंद्र सिंह
बसपा अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू

**मुजफ्फरनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- संजीव बालियान
सपा- हरेंद्र मलिक
बसपा- दारा सिंह प्रजापति

**कैराना सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- प्रदीप कुमार
सपा- इकरा हसन
बसपा- श्रीपाल सिंह

### दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

**अमरोहा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस- कुंवर दानिश अली
बसपा- मुजाहिद हुसैन

**मेरठ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- अरूण गोविल
बसपा- देवव्रत कुमार त्यागी,
समाजवादी पार्टी- अतुल प्रधान

**बागपत सीट के प्रत्याशी**
सपा- मनोज चौधरी
बसपा- प्रवीण बंसल
रालोद- राजकुमार सांगवान

**गाजियाबाद सीट के प्रत्याशी**
बसपा- नन्द किशोर पुण्डीर
भाजपा- अतुल गर्ग
कांग्रेस- डाली शर्मा

**गौतमबुद्धनगर सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ महेश शर्मा
सपा- महेंद्र सिंह नागर
बसपा- राजेंद्र सिंह सोलंकी

**बुलन्दशहर (अजा) सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- डॉ भोला सिंह,
बसपा- गिरीश चन्द्र
कांग्रेस- शिवराम वाल्मीकि

**अलीगढ़ सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- सतीश कुमार गौतम
सपा- बिजेन्द्र सिंह
बसपा- हितेन्द्र कुमार

**मथुरा सीट के प्रत्याशी**
भाजपा- हेमा मालिनी
कांग्रेस- मुकेश धनगर
बसपा- सुरेश सिंह



# आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट

**2019 चुनाव का लेखा जोखा**




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| उपेन्द्र सिंह रावत | 5,35,917 |
| राम सागर रावत | 4,25,777 |
| तनुज पुनिया | 1,59,575 |

**2014 में किसको कितने वोट**




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रियंका सिंह रावत | 4,54,214 |
| कांग्रेस | पन्ना लाल पुनिया | 2,42,336 |
| बसपा | कमला प्रसाद रावत | 1,67,150 |
| सपा | राज रानी रावत | 1,59,284 |

**निर्वाचित सांसदों की सूची**

| वर्ष | प्रत्याशी का नाम | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951 | गंगा देवी | कांग्रेस |
| 1957 | राम सेवक यादव | निर्दल |
| 1962 | राम सेवक यादव | एसओसी |
| 1967 | आर एस यादव | एसएसपी |
| 1971 | कुंवर रुद्र प्रताप सिंह | कांग्रेस |
| 1977 | राम किंकर | बीएलडी |
| 1980 | राम किंकर | आईएनपी(एस) |
| 1984 | कमला प्रसाद | कांग्रेस |
| 1989 | राम सागर | जेडी |
| 1991 | राम सागर | जेपी |
| 1996 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | बैजनाथ रावत | भाजपा |
| 1999 | राम सागर | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | कमला प्रसाद | बीएसपी |
| 2009 | डॉ.पीएल पुनिया | कांग्रेस |
| 2014 | प्रियंका सिंह | भाजपा |
| 2019 | उपेद्र सिंह रावत | भाजपा |

**बाराबंकी के क्षेत्र**




**2009 चुनाव के आंकड़े**




# 17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

- 2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान
- स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य

**अमृत विचार :** आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
> -सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

**लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| चुनाव वर्ष | प्रतिशत | चुनाव वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1951 | 34.10 | 1989 | 52.59 |
| 1957 | 44.91 | 1991 | 51.19 |
| 1962 | 53.97 | 1996 | 46.23 |
| 1967 | 46.79 | 1998 | 52.59 |
| 1971 | 35.38 | 1999 | 57.93 |
| 1977 | 50.72 | 2004 | 44.47 |
| 1980 | 47.59 | 2009 | 52.30 |
| 1984 | 55.93 | 2014 | 62.00 |
| | | 2019 | 63.05 |

# सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

## स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम

मनोज कुमार मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।


कृष्णचन्द्र पंत


कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

**सन- 1961 (उपचुनाव)**

| | | |
|---|---|---|
| बाबू गनपत सहाय | निर्दलीय | 37,785 |
| कृष्णचंद्र पंत | कांग्रेस | 36,656 |

**वर्ष : 2004**

| | | |
|---|---|---|
| मो. ताहिर | बसपा | 2,61,564 |
| शैलेंद्र प्रताप सिंह | सपा | 1,59,754 |
| कैप्टन सतीश शर्मा | कांग्रेस | 1,54,245 |
| वीणा पांडेय | भाजपा | 91328 |

## चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

## एक नजर

### अभियान में अब तक 22 करोड़ की नगदी बरामद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बीते 1 मार्च से 8 अप्रैल तक कुल 13296.42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2211.16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148.71 लाख रुपये कीमत की 930045.32 लीटर शराब, 4996.70 लाख रुपये कीमत की 8126299.13 ग्राम ड्रग, 1806.08 लाख रुपये कीमत की 52778.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133.78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 8 अप्रैल को कुल 218.58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30.79 लाख रुपये नकद धनराशि 100.91 लाख रुपये कीमत की 27527.68 लीटर शराब, 85.98 लाख रुपये की 268991.51 ग्राम ड्रग एवं 0.90 लाख कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

# एक वर्ष में प्रतापगढ़ में बढ़े सबसे अधिक पेंशनर्स

## बुजुर्गों की संख्या बढ़ने के मामले में आजमगढ़ दूसरे व गोरखपुर तीसरे स्थान पर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों में प्रतापगढ़ जिला सबसे आगे है। प्रतापगढ़ जिले में एक वर्ष के भीतर 33,798 पेंशनर्स बढ़ गये। जबकि आजमगढ़ दूसरे और गोरखपुर तीसरे स्थान पर रहा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की जब शुरुआत हुई थी तो तिमाही पेंशन का भुगतान



"विभाग की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो।
–कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण विभाग

जून 2023 में किया गया था। उस समय प्रदेश में बुजुर्गों की संख्या 4655818 थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम तिमाही का भुगतान जब मार्च 2024 में बुजुर्गों को किया गया तो इनकी संख्या बढ़कर 5568590 हो गई। एक वर्ष के भीतर प्रदेश में 9,12,772 पेंशनर्स बढ़ गए।

| जिला | जून 2023 में संख्या | मार्च 2024 में संख्या | बढ़े पेंशनर्स |
|---|---|---|---|
| प्रतापगढ़ | 111,290 | 145,088 | 33,798 |
| आजमगढ़ | 142,459 | 172,464 | 30,005 |
| गोरखपुर | 128,423 | 157,073 | 28,650 |
| हरदोई | 102,526 | 125,678 | 23,152 |
| जौनपुर | 156,827 | 177,855 | 21028 |
| बलिया | 104,278 | 125,049 | 20,771 |
| वाराणसी | 83,603 | 102,801 | 19,198 |
| बरेली | 67,358 | 78469 | 11,111 |
| अयोध्या | 77,343 | 91,030 | 13,687 |
| मुरादाबाद | 37,682 | 47,525 | 9,843 |
| रामपुर | 39,336 | 46,666 | 7,330 |
| शाहजहांपुर | 81,622 | 89,390 | 7,768 |
| कानपुर नगर | 60,803 | 78,234 | 17,431 |
| कानपुर देहात | 66,479 | 74,613 | 8,134 |



आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों के चुनावी प्रसारण के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

# आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनावी प्रसारण के लिए स्लॉट आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के चुनाव प्रसारण के लिए मंगलवार को लॉटरी पद्धति से स्लॉट आवंटित किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में हुई स्लाट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हुई।

प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों व राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग व प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई।

निकाली गई लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण के लिए सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण के लिए अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है।

## हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पारित किया महत्वपूर्ण आदेश

# आचार संहिता के बाद पूर्व से जारी तबादला आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि आचार संहिता के लागू होने के बाद पूर्व से जारी स्थानांतरण आदेश को भी क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि ऐसे स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन के लिए चुनाव आयोग की अनुमति आवश्यक है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने जल संस्थान, झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने महाप्रबंधक मनोज

▸▸ **कहा, जल संस्थान झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता**

कुमार आर्या की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2023 को ही उसका तबादला झांसी से लखनऊ नगर निगम के वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट में किया गया था। कहा गया कि 16 मार्च 2024 को अपरान्ह तीन बजे आम चुनावों की घोषणा के साथ देश में आचार संहिता लागू हो गई, उसी दिन याची का स्थानांतरण आदेश पारित करते हुए, अपरान्ह में ही उसे रिलीव कर दिया गया तथा रिलीव ऑर्डर रात को साढ़े आठ बजे उसे प्राप्त कराया गया। याची की ओर से आचार संहिता लागू होने के आधार पर स्थानांतरण व रिलीव आदेश को चुनौती दी गई। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने से पूर्व याची का स्थानांतरण व रिलीव आदेश जारी कर दिया गया था।

न्यायालय ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधानों के मुताबिक, अधिसूचना जारी होने के पूर्व में पारित स्थानांतरण आदेश को भी चुनाव आयोग की अनुमति से ही क्रियान्वित किया जा सकता है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने स्थानांतरण व रिलीव आदेश दोनों को निरस्त कर दिया है।

## सार्वजनिक होगी वाराणसी रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

शासन के नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से दिए गए निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है। इसके अनुपालन में प्राधिकरण बोर्ड से पुष्टि के साथ जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि अब मुगलसराय तक होटल, काम्पलेक्स, स्ट्रीट बाजार, सड़क चौड़ीकरण कार्य में आसानी होगी।

# तीसरे चरण के लिए नामांकन 12 से

## पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को गर्मी व लू से बचाने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन अधिकरियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर चुनाव होना है। इस चरण में सात मई को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून की भीषण गर्मी के दौरान हो रहे चुनाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये

▸▸ **मतदेय स्थलों पर मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को लू से बचाने की तैयारी**

### शीतल जल की व्यवस्था अवश्य की जाए

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें टेंट, छतरियां, कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए जहां भी आवश्यक हों, पंखे आदि उपकरण भी लगाये जाएं। साथ ही, सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। सभी मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाय।

हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से

### बीमारी से बचाव के लिए भी इंतजाम

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखें।

सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग की लू के सम्बन्ध में की गई भविष्यवाणी के दृष्टिगत मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

## जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। 10 साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। सपा प्रमुख ने यहां मंगलवार को जारी एक बयान में आगे कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे हैं।



# सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए रोडवेज सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए बसें उपलब्ध कराएगा। इसके लिए परिवहन निगम की 7 हजार से अधिक बसों को तैयार किया जा रहा है। इन बसों को चरण वार ड्यूटी में भेजा जाएगा। सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम को बसें उपलब्ध कराने का पत्र मिला है।

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एलआर कुमार की ओर भेजे गए पत्र में निगम से सात चरणों के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 7051 बसों की मांग की है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608, 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए 657, 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसों की मांग की गई है।

▸▸ **पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों को कर रहा तैयार**

### 10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणों में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। प्रति बस 45 जवानों के बैठने की व्यवस्था के लिए 52 सीटर बसें उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

# गेहूं की बिक्री करने वाले किसानों को विशेष सुविधाएं देने की तैयारी

## किसी भी जिले का किसान किसी और जिले में बेच सकेगा गेहूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद को लेकर न केवल किसानों को विशेष सुविधा दी जा रही है बल्कि 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र भी संचालित हैं, जो बीते साल की तुलना में 600 अधिक हैं।

इन केन्द्रों पर अब तक 2,82,315 किसान पंजीकृत करा चुके हैं। केन्द्र पर दैनिक खरीद की कोई सीमा नहीं है। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जा रही है। एक जिले का किसान किसी अन्य जिले में भी गेहूं विक्रय कर सकता है। 100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से छूट प्रदान की गई है। किसान की एक से अधिक तहसीलों

▸▸ **गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र संचालित, बीते साल की तुलना में 600 अधिक**

▸▸ **100 कुंतल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से मिलेगी छूट**

में भूमि होने की स्थिति में भी एक साथ क्रय सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और केंद्रीय सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को गेहूं खरीद की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने गेहूं खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये।

मुख्य सचिव के मुताबिक, बीते सालों में क्रय केन्द्रों पर गेहूं अथवा धान विक्रय करने वाले किसानों को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नम्बर पर मिस्ड कॉल करके पंजीकरण, एमएसपी, विक्रय के बाद 48 घंटे में भुगतान, बटाईदारों से खरीद व क्रय केन्द्रों पर किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं आदि के बारे में जागरूक किया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार, खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## बंगाल ले जाया जा रहा 52 पेटी प्रतिबंधित सिरप पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेन्सेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को बरामद करते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि काफी दिनों से कफ सिरप एवं अन्य दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए बिहार, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश सप्लाई होने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार को सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से एक टाटा ट्रक सीरप लदकर कूचबिहार एवं पश्चिमी बंगाल के लिए निकलने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अहिमामऊ के पास चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक धर्मेंद्र ने बताया कि यह गाड़ी संतोष कुमार यादव की है, जोकि फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है।

## वर्ग पहेली-35

**बाएं से दाएं**

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

**ऊपर से नीचे**

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | ■ | |
| | ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | 6 | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | 7 | | | ■ | 8 | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ |
| 9 | | | | ■ | 10 | |

### वर्ग पहेली-34 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अं | ■ | 2 म | ति | ■ |
| 3 उ | प | धा | नी | ■ | ■ | 4 वा |
| ■ | ■ | धुं | ■ | 5 सु | रा | ही |
| ■ | 6 धुं | ध | 7 का | र | ■ | ■ |
| 8 से | ■ | ■ | 9 ला | सा | ■ | 10 गु |
| ब | ■ | ■ | प | ■ | ■ | ड़ी |
| ■ | 11 पि | स | न | हा | री | ■ |

## सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | 9 | | | | 3 |
| | | | 8 | | | 9 | 7 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | | 5 |
| | | | | 1 | | | 3 | |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 8 | 4 | | | 2 | | | | |
| | | 5 | | 8 | | 4 | 2 | |
| | 7 | 2 | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 5 | | | | 7 |

### सुडोकू-113 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 7 | 6 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 |
| 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.32 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग

गु. चं. 1 | बु. | मं. श. 11 | 10
2 | शु. सू. रा. 12
3 | 9
4 | 6 के. | 8
5 | 7

दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

**वृष** – आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

**मिथुन** – आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

**कर्क** – आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

**सिंह** – आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

**कन्या** – आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

**तुला** – आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

**वृश्चिक** – आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

**धनु** – आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

**मकर** – आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** – आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

**मीन** – आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी – सुबह : 10.53
बादशाह – रात : 07.01

&pictures
सैंडविच – सुबह : 10.43
प्लेयर्स – शाम : 04.22

SONY PIX
एनाकोंडा – सुबह : 09.44
बैड बॉयज़ II – रात : 09.00

ZEE CINEMA
बाम्बे टू बैंकॉक – सुबह : 10.15
दीवार – रात : 07.05

StarGold SELECT
छपाक – सुबह : 10.15
वीरे की वेडिंग – रात : 09.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.43 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड – जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा – अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड – हां, अब बिल्कुल सही हो गया।
पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए – लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
**चन्दौसी**- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

### लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल**
गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800
गेहूँ (के 65) 3500-3800
बाजरा 2200-2300
मक्का 2700-2800
जौ 2900-3000
**चावल प्रति कुन्तल**
चावल सेल्हा 2800-3100
चावल बासमती 7000-8000
चावल मोटा 2800-3000
चावल मन्सूरी 3200-3500
चावल शक्कर चीनी 4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600
चावल राजरानी 7000-7500
**दाल दलहन**
चना देशी 6800-7000
चना फार्मी 7200-7500
चना काबली 14500-17000
मटर हरा 6000-6200
मटर सफेद 6100-6500
दाल चना 8000-8400
दाल मटर 6400-6500
उड़द हरा 12000-12500
उड़द काला 9000-9500
दाल उड़द हरी 15500-16000
दाल उड़द काली 10500-11000
दाल उड़द धोवा 2000-12500
मूँग खड़ा 10000-10500
मूँग दाल 10500-11000
मूँग धोवा 12000-13000
मसूर 8800-9000
मलका 9000-9500
दाल अरहर फूल 16000-17000
दाल स्पेशल 13000-14000
राज्मा सफेद 13000-14000
राज्मा काला 11500-12500
मूँगफली का दाना 11000-12000

# जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

## राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला



महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थडंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

### 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

# 240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।



- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

### वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

### कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

"आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 84,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 793 (अनुमानित) |

## मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

## सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

**मुंबई।** शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) आरबीआई की सख्त कार्रवाई का सामना कर रही है। पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल को इस्तीफा दे दिया।

## जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।



# प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

## भूपतिनगर मामलः प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।



- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

### एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

**कोलकाता।** प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

## द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

**चेन्नई।** ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

# टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।




### टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

### एक नजर

#### नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

#### लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

# कांग्रेस नेता सुरजेवाला को निर्वाचन आयोग का नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को अभिनेत्री से नेता बनीं और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ उनकी कथित अमर्यादित टिप्पणी के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। दोनों नेताओं को निर्वाचन आयोग को जवाब देने को कहा गया है।

सुरजेवाला से 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने को कहा गया है, जबकि खरगे को अगले दिन शाम तक का वक्त दिया गया है। भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने पिछले महीने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो साझा किया और कांग्रेस नेता सुरजेवाला पर मथुरा सीट से पार्टी की उम्मीदवार हेमा मालिनी के खिलाफ 'अपमानजनक और महिला विरोधी' टिप्पणी करने का आरोप लगाया। बाद में भाजपा ने निर्वाचन आयोग से सुरजेवाला के खिलाफ शिकायत की थी। हालांकि, सुरजेवाला ने दावा किया था कि भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ ने झूठ फैलाने के लिए अभिनेत्री हेमा मालिनी से संबंधित टिप्पणी वाले उनके वीडियो में काट-छांट की। उन्होंने यह भी कहा था कि वह लोकसभा सदस्य हेमा मालिनी का सम्मान करते हैं।



- सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ टिप्पणी करने का मामला
- 11 अप्रैल की शाम तक जवाब देने का निर्देश

## मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

**चेन्नई।** द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

## भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य



नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।

# चुनाव लड़ने वाले के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा करना आवश्यक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभाव नहीं करता हो।

न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से बतौर निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की



पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ करते हुए यह टिप्पणी की। अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा।

किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो।

गुवाहाटी हाईकोर्ट की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। निर्दलीय उम्मीदवार श्री क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि श्री क्रि ने अपने चुनाव नामांकन पत्र के साथ दिए गए हलफनामे में गलत घोषणाएँ की थीं।

